हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 238, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 14 फरवरी, 2022 दिन सोमवार | गाजीपुर/वाराणसी

भाजपा ने यूपी को दिया भय और भूख का समाधान : राजनाथ सिंह

भाजपा प्रत्याशी दिनेश रावत के समर्थन में चुनावी सभा को किया संबोधित

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चौथे तथा पाचवें चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में मोर्चा संभाल लिया है। राजनाथ सिंह ने रविवार को बाराबंकी के रामनगर के साथ हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा की। इसके बाद वह रायबरेली के ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र में रैली करने पहुंचे।



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह अपने पुराने विधानसभा क्षेत्र बाराबंकी के हैदरगढ़ में काफी देर तक रुके। यहां पर उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी दिनेश रावत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने रामनगर के यूनियन इंटर कालेज में भाजपा प्रत्याशी विधायक शरद कुमार अवस्थी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश को भय तथा भूख का बड़ा समाधान दिया है। भाजपा सरकार ने कोरोना संक्रमण के संकट में देश के 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त में राशन की व्यवस्था की। इसके साथ ही साथ लोगों को छत भी मुहैया कराई गई है। सरकार ने जरूरतमंदों को आवास देने के साथ मुफ्त में गैस सिलेंडर भी उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि आपको भरोसा दिलाता हूं कि भाजपा आप के विश्वास को टूटने नहीं देगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम समाजवादी भी हैं और दुनिया को मुंहतोड़ जवाब देने वाले सच्चे राष्ट्रवादी भी हैं। भाजपा आंख चुराकर नहीं, आंख में आंख डालकर बात करती है। सदैव से ही भाजपा की कथनी-करनी में कोई अंतर नहीं। हम जो कहते हैं वह करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि बाराबंकी जिला तो समाजवादियों का गढ़ रहा है। जब देश-प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती थी तब यहां की जनता राम सेवक यादव व डॉ राम मनोहर लोहिया के साथ खड़ी होती थी, लेकिन जब से नकली समाजवादियों का आगमन हुआ जनता ने उनसे मुंह मोड़ लिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी तो सबको साथ लेकर चलने वाला होता है, न कि तुष्टीकरण कर समाज को बांटकर राजनीति करने वाला। उन्होंने कहा कि आज के समाजवादी तो खोटे सिक्के हो गए हैं। इसके साथ ही नसीहत भी दी कि राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि सरकार को बनाने के लिए करनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने जनसंघ की स्थापना के वक्त पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की बात कही थी और किया।

हमने नागरिकता कानून लाकर पड़ोसी देशों में निरीह जीवन जी रहे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। हमने तो अयोध्या में राम मंदिर बनाने का वादा किया था उसे भी पूरा किया है। हैदरगढ में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में रक्षामंत्री ने कहा-हम विकास की राजनीति करते हैं, हम विकासवादी हैं और समाजवादी है, सपा, बसपा व कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी पार्टियां हैं। राजनाथ सिंह ने हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक छोटेलाल यादव का तालियां बजवाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हैदरगढ़ का जिक्र कर अपना जिले से भी रिश्ता जोड़ा।

अटलांटिक महासागर में जहाज से गायब हुआ केरल का युवक, परिवार ने विदेश मंत्रालय से मांगी मदद

नई दिल्ली। अटलांटिक महासागर में एक जहाज से केरल का एक युवक लापता हो गया। युवक के परिवार ने उसे खोजने के लिए विदेश मंत्रालय से मदद मांगी है। 28 वर्षीय युवक एक जहाज पर सहायक रसोइया के रूप में काम कर रहा था। जस्टिन कुरुविला के रूप में पहचाने गए युवक ने 31 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका (डरबन) से अमेरिका के लिए अपनी यात्रा शुरू की। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए खोए हुए युवक की बहन शिघा ने कहा, "जहाज 31 जनवरी को डरबन से शुरू हुआ था। वह हमें हर दिन फोन करता था, लेकिन आखिरी कॉल एक हफ्ते पहले थी। उस दिन के बाद, उसने हमारी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया।" बहन ने कहा कि "वह पिछले नवंबर में घर वापस आया और जहाज में लगभग 6 साल काम किया। 8 फरवरी को उसने मेरी मां को फोन किया। इसके बाद, जस्टिन के बारे में कोई जानकारी नहीं है। शिपिंग प्राधिकरण ने हमें सूचित किया कि वह अटलांटिक महासागर से लापता हो गया। उनके भाई, स्टीफन, जो एक नाविक भी हैं, ने भी कहा कि वे सभी जस्टिन के लिए प्रार्थना कर रहे हैं और शिपिंग अधिकारियों से उन्हें जल्द से जल्द खोजने का अनुरोध कर रहे हैं।

फरुर्खाबाद में सीएम योगी बोले- एक हाथ से विकास व दूसरे हाथ से चलना चाहिए बुलडोजर

फरुर्खाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने लूटने वालों को बेपर्दा करने का काम किया है। एक हाथ से विकास किया और दूसरे हाथ से बुलडोजर चलना चाहिए। कोरोना काल के दौरान विपक्ष गायब था, हमने फ्री में इलाज कराया, वैक्सीन फ्री में लगवाई। उन्होंने वैक्सीन लेने वालों को धन्यवाद देते हुए कहा कि विपक्ष ने वैक्सीन का विरोध किया, अब उनसे पूछो कि वैक्सीन ने जान बचाई। यूपी में मोदी वैक्सीन को ही वोट मिलेगा। अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के राजेपुर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कल्याण सिंह व भाजपा के कद्दावर नेता रहे स्व.ब्रह्मदत्त द्विवेदी के नाम से की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की कर्मस्थली रही है। भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन सरकार ने कैंसर अस्पताल लखनऊ उनके नाम पर रखा है। उन्होंने कहा फरुर्खाबाद क्षेत्र स्व.ब्रह्मदत्त द्विवेदी की जन्मस्थली है। यहां के पांचालघाट पर प्रयागराज की तर्ज पर मेला रामनगरिया लगता है। रामनगरिया मेला में आए संतों को नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी से विदेश में लोग मर रहे हैं, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार के

सहयोग से कोरोना को जिन्न की तरह बोतल में बंद कर दिया है। कोरोना काल के दौरान विपक्ष गायब था। हमने फ्री में इलाज कराया, वैक्सीन फ्री में लगवाई। उन्होंने वैक्सीन लेने वालों को धन्यवाद देते हुए कहा कि विपक्ष ने वैक्सीन का विरोध किया। उनसे पूछो की वैक्सीन ने जान बचाई। मोदी वैक्सीन को ही वोट मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा बहू-बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। अब प्रदेश में दंगे नहीं होते, कांवण यात्रा भी निकल रही है। अपराधियों की संपत्ति जब्त की जा रही है। माफियाओं की संपत्ति पर बुलडोजर चल रहा है। हर जिले में मेडिकल कालेज बनवाया रहा है, स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है। अब नए डाक्टर बनेंगे और घर पर ही स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। उन्होंने पूर्व की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पांच साल पहले बिजली व राशन मिलता था, यह सब राशन खा जाते थे। उनकी सरकार ने आलू किसान के लिए फूड सेंटर बनाने का काम किया है। किसानों का कर्ज माफ किया है। लूटने वालों को बेपर्दा करते हुए सरकार काम कर रही है। एक हाथ से विकास और दूसरे हाथ से बुलडोजर चलना चाहिए। गांवों में बिजली, शौचालय, आवास दिया है। अब हर घर में पीने का पानी देने का काम कर रहे हैं। एक्सप्रेस वे को लिंक मार्ग से जोड़ने का भी काम करेंगे। पहले सैफई में ही काम दिखता था, अब पूरे प्रदेश में काम हो रहा है।

पहली रैली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कैप्टन पर साधा निशाना, कहा-भाजपा चला रही थी उनकी सरकार

पंजाब। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी रविवार को पंजाब के दौरे पर पहुंचीं। सबसे पहले वह कोटकपूरा में नवी सोच नवा पंजाब रैली को

संबोधित करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने आप के दिल्ली मॉडल पर सवाल उठाए और उसकी तुलना भाजपा के गुजरात मॉडल से की। प्रियंका गांधी ने कहा कि आम आदमी पार्टी आरएसएस से निकली है...दिल्ली में शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों के नाम पर कुछ भी नहीं है। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं के बारे में सच्चाई जानना महत्वपूर्ण है। लोगों को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं पंजाबी परिवार में विवाहित हूं। मेरे बच्चों में पंजाबी खून है। इसके बाद एक सवाल के जवाब में प्रियंका ने कहा कि मैं अपने भाई राहुल गांधी के लिए जान दे सकती हूं और वह भी मेरे लिए ऐसा कर सकते हैं। संघर्ष भाजपा में है, कांग्रेस में नहीं। योगी जी, मोदी जी और अमित शाह के बीच हितों का टकराव हो सकता है। इस दौरान कैप्टन अमरिंदर सिंह पर वार करते हुए प्रियंका ने कहा कि पंजाब में हमारी सरकार थी, लेकिन उसे दिल्ली से संचालित किया जा रहा था। कांग्रेस नहीं बल्कि भाजपा द्वारा। यह छिपा हुआ गठबंधन अब सबके सामने आ गया है... चन्नी को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे यही वजह है। मंच से प्रियंका गांधी ने सीएम चन्नी की भरपूर प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने 100 दिन में अच्छा काम किया। प्रियंका ने मंच से एलान किया कि उनकी सरकार बनने पर महिलाओं को 1100 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इसके बाद जय हिंद जय पंजाब व सत श्री अकाल से प्रियंका गांधी ने भाषण का समापन किया।

आज से तीन दिवसीय दौरे पर फिलीपींस जाएंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने पर रहेगा जोर

नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर आज से तीन दिवसीय फिलीपींस दौरे पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में बताया कि, एस जयशंकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को फिलीपींस की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री दोनों देशों के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उनका ये दौरा 13 से 15 फरवरी तक चलेगा। दरअसल, विदेश मंत्री एस जयशंकर की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत ने फिलीपींस को 290 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की आपूर्ति के लिए 375 मिलियन अमरीकी डालर के सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश मंत्री जयशंकर की फिलीपींस की यह पहली यात्रा है। जहां वह द्विपक्षीय संबंधों में विकास की समीक्षा को लेकर फिलीपींस के विदेश मामलों के सचिव तियोदोरो एल. लोक्सिन जूनियर के साथ मुलाकात करेंगे। नवंबर 2020 में द्विपक्षीय सहयोग पर आयोजित इस बैठक की दोनों नेताओं ने सह-अध्यक्षता की थी। विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दौरान फिलीपींस में राजनीतिक नेतृत्व के साथ बैठक के अलावा मनीला में भारतीय समुदाय के साथ मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा पर आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। मंत्रालय ने कहा, इस यात्रा से हिंद-प्रशांत, आस्ट्रेलिया और फिलीपींस में हमारे प्रमुख भागीदारों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलने की उम्मीद है। फिलीपींस दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के संगठन आसियान का एक प्रमुख सदस्य देश भी है। इससे पहले मिसाइल फर्म के सीईओ अतुल डी राणे ने कहा कि, ब्रह्मोस के साथ सौदा भारत के लिए किसी विदेशी देश को पूर्ण प्रमुख हथियार प्रणाली की आपूर्ति करने वाला पहला सौदा था।

हिजाब विवाद के बीच कल से खुलेंगे स्कूल उडुपी में स्कूलों के आसपास धारा-144 लागू

कर्नाटक। कर्नाटक का हिजाब विवाद के बीच उडुपी जिला प्रशासन ने सभी हाई स्कूल, और उनके आसपास के क्षेत्रों में धारा-144 लागू कर दी है। यह आदेश 14 फरवरी को सुबह छह बजे से 19 फरवरी की शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगा। माना जा रहा है कि राज्य में कल से यानी 14 फरवरी, 2022 को हाई स्कूलों को फिर से खोला जा रहा है। सरकार और जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने राज्य में शांति व्यवस्था कायम रहने की उम्मीद जताई है।

सावधानी बरतते हुए उडुपी जिला प्रशासन ने सोमवार, 14 फरवरी से 19 फरवरी, 2022 तक जिले के सभी हाई स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों में सीआरपीसी की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है, क्योंकि राज्य में हिजाब बनाम भगवा गमछे का विवाद सियासी और धार्मिक रंग लेता जा रहा था। इससे पहले राज्य सरकार ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया हुआ था। घोषित छुट्टियां के पूरी होने के बाद अब सोमवार को स्कूल फिर से खुल रहे हैं। उधर, हुबली में कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में कल से 10वीं तक के स्कूल खुलेंगे। मैंने डीसी, एसपी और स्कूल प्रशासन को शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, उच्च कक्षाओं और डिग्री कॉलेजों के स्कूल स्थिति की समीक्षा के बाद फिर से खोले जाएंगे। उडुपी के डीसी एम कूर्मा राव ने जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी हाई स्कूलों के आसपास 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगाने के अनुरोध के बाद यह आदेश दिया गया है। आदेश के अनुसार, स्कूल परिसर के आसपास पांच या अधिक सदस्यों के एकत्रित होने की अनुमति नहीं है। विरोध-प्रदर्शन और रैलियों सहित सभी प्रकार की सभाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है।

मध्य प्रदेश में नर्मदा घाटी परियोजना की सुरंग धंसी, 9 मजदूर दबे, 5 को बचाया गया, रेस्क्यू जारी

कटनी। मध्यप्रदेश स्थित कटनी जिले के स्लीमनाबाद में शनिवार रात बरगी अंडरग्राउंडर नहर की एक निमार्णाधीन सुरंग अचानक धंस गई। बताया जा रहा है कि इसमें कुल नौ मजदूर फंस गए जिसमें से कईयों को निकाला जा चुका है। जबलपुर से मौके पर पहुंची स्टेट डिजआस्टर इमरजेंसी फोर्स की टीम की सहायता से राहत व बचाव कार्य चलाया गया और टीम के सफल प्रयास से मजदूरों को मलबे से निकालने का काम जारी है। टनल हादसे के दौरान मलबे से सुरक्षित निकाले गए मजदूरों की पहचान भी कलेक्टर ने अपने ट्विटर हैंडल के जरिए दी है। इसमें मजदूर दीपक, नर्मदा व मुन्नीदास पडकुर गांव, जिला सिंगरौली के रहने वाले हैं। वहीं इंद्रमणी कोल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बड़कुर थाना चितरंगी जिला सिंगरौली, विजय कोल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम बड़कुर थाना चितरंगी जिला सिंगरौली को एसडीआरएफ की टीम ने सकुशल बाहर निकाला। शेष मजदूरों को भी सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने लिखा, 'कटनी

जिले के स्लीमनाबाद में नहर के निर्माण कार्य के दौरान श्रमिकों के दबने के समाचार से दुःख हुआ। यह राहत की बात है कि 9 में से 3 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। राहत और बचाव कार्य जारी है।' कटनी जिले के स्लीमनाबाद में नहर के निर्माण कार्य के दौरान श्रमिकों के दबने के समाचार से दुःख हुआ।

शाह ने 'ड्रग फ्री पंजाब' का दिया नारा, कहा-पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को सिखाया सबक

लुधियाना/पटियाला। पंजाब के चुनावी समर में गृह मंत्री रविवार को उतर आए। किसान आंदोलन के बाद शाह पहली बार पंजाब आए हैं। अमित शाह हेलीकाप्टर से दुर्गा माता मंदिर के सामने गवर्नमेंट कालेज फार गर्ल्स में उतरे। इसके बाद सड़क मार्ग से दरेसी ग्राउंड पहुंचे। यहां पर नेताओं ने पगड़ी पहनाकर शाह का स्वागत कर उन्हें कृपाण भेंट की। गृह मंत्री अमित शाह ने नशामुक्त पंजाब का नारा दिया। शाह ने नशा मुक्त पंजाब के लिए मुट्ठी बंद कर प्रचंड आवाज में कहें भारत माता की जय के साथ संबोधन शुरू किया। सिखों के दस गुरुओं के नमन भी किया। उन्होंने कहा कि मुगलों से लेकर आजादी तक भारत में हुए हमलों पर यदि किसी धरती के बेटों ने खून बहाया, वह पंजाब है। पंजाब हिंदुस्तान का जिगर है। पंजाब के बिना देश का सम्मान नहीं है। शाह ने पाकिस्तान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पीओके में सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मन को सबक सिखाया है। शाह ने कहा कि वह 2022 के चुनाव के लिए पहली बार पंजाब आए हैं। शाह ने कहा कि भाजपा को जिताओ लुधियाना की साइकिल विदेशों में पहुंचा देंगे। पंजाब देश का सीमांत राज्य है। सुरक्षा, नशा और किसान पर बात करूंगा। चन्नी के नेतृव में पंजाब सुरक्षित रख सकते हैं क्या। केजरीवाल आतंकवादियों को छोड़

देंगे। भाजपा ही देश को सुरक्षित रख सकती है। पहले पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे हमारे सैनिकों को मारकर चले जाते थे। हमारी सरकार आई तो हमने जवाब दिया। हमने ओआरओपी दिया। सुरक्षा बजट 3 गुना बढ़ा दिया। भाजपा की सरकार बनाइए हमेशा के लिए आतंकवाद खत्म कर देंगे। जो प्रधानमंत्री का रूट सुरक्षित नहीं रख सकते पंजाब को कैसे सुरक्षित रखेंगे। ड्रग के खिलाफ पीएम मोदी ने अभियान चलाया है। यहां ऐसी सरकार चाहिए जो मोदी के साथ मिलकर चलेगी। 5 साल में पंजाब को नशा मुक्त कर कर देंगे। किसान अपनी जमीन का परीक्षण करवाएं जो जमीन पेट भरती थी वह जहरीली हो गई है। 5 साल में किसानों की आय को बढ़ाएंगे। मोदी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर 300 जगह कार्यक्रम करवाने के शाथ करतारपुर कारिडोर को खुलवाया। वहीं पटियाला में अमित शाह रैली करने पहुंचे हैं। इस दौरान सुखदेव सिंह ढींडसा ने प्रधानमंत्री का जहां किसानों की मांगें मानने के लिए धन्यवाद किया वहीं उनकी दूसरी मांगों को भी मानने की अपील की। इस दौरान शाह ने कहा कि महिला एवं इंजीनियरिंग कॉलेज पंजाब में नए खोले जाएंगे। पंजाब के युवकों के लिए सरकारी नौकरी में 75% आरक्षण दिया जाएगा।

नक्सलियों की धमकी के बाद महाराष्ट्र के मंत्री एकनाथ शिंदे की सुरक्षा बढ़ाई गई

ठाणे। महाराष्ट्र के शहरी विकास मंत्री एकनाथ शिंदे को राज्य के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों द्वारा कथित तौर पर उनके कार्यकर्ताओं की हत्या का बदला लेने की धमकी वाला एक पत्र मिला है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। जिले के एक अधिकारी ने बताया कि यह पत्र शुक्रवार को यहां ठाणे और गढ़चिरौली के संरक्षक मंत्री शिंदे के आवास पर भेजा गया था, जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। मंत्री ने बाद में कहा कि गढ़चिरौली में नक्सल समस्या से निपटने का एकमात्र तरीका विकास है। पिछले साल नवंबर में गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में उनके एक शीर्ष कमांडर सहित 26 नक्सली मारे गए थे। अधिकारी के अनुसार, धमकी भरे पत्र के संबंध में ठाणे पुलिस को मिली शिकायत को जांच के लिए अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। शनिवार रात यहां पत्रकारों से बात करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा कि उन्हें पहले भी इस तरह की धमकियां मिली थीं। गढ़चिरौली के संरक्षक मंत्री के रूप में जिले की देखभाल करना मेरा कर्तव्य है। हमारा उद्देश्य जिले का सर्वांगीण विकास और इसे मुख्य धारा में लाना है। शिंदे ने कहा कि बुनियादी ढांचे का विकास ही क्षेत्र में नक्सलियों से लड़ने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि नवंबर, 2021 में गढ़चिरौली में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में 50 लाख का इनामी मिलिंद तेलतुंबडे भी शामिल है। मिलिंद तेलतुंबड़े भीमा-कोरेगांव मामले में आरोपित था। गढ़चिरौली मुठभेड़ में मारे गए 26 नक्सलियों में छह महिलाएं 20 पुरुष नक्सली हैं। नक्सलियों के पास पांच एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार मिले हैं। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में तेलतुंडे का एक पुरुष और एक महिला अंगरक्षक भी शामिल हैं। माओवादियों की केंद्रीय समिति के सदस्य और एल्गर परिषद-माओवादी लिंक मामले में वांछित आरोपितों में से एक मिलिंद तेलतुंबडे पर हिंसक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए 50 लाख रुपये का इनाम था।

चिंतन मनन

राहत की ओर

कोरोना वायरस महामारी संकट में सुधार को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय आगमन के लिए नई गाइडलाइन जारी की। इसके अनुसार, 14 फरवरी से एट रिस्क और अन्य देशों की कैटेगरी हटा दी जाएगी। साथ ही 14 फरवरी से भारत आने वाले यात्रियों को आरटीपीआर टेस्ट कराने की जरूरत नहीं होगी। इसके बदले पूर्ण टीकाकरण की रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। गाइडलाइन के अनुसार, जो यात्री भारत की यात्रा कर रहे हैं, उन्हें यात्रा से पहले एयर सुविधा पोर्टल पर सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म में पूरी और फैक्चुअल जानकारी देनी होगी, जिसमें पिछले 14 दिनों का यात्रा की डिटेल भी शामिल होगी। यात्रियों को यात्रा शुरू करने से 72 घंटे के भीतर निगेटिव आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट या फुली वैक्सीनेटेड का सर्टिफिकेट अपलोड करना होगा। हालांकि, यह विकल्प केवल उन 72 देशों से आने वाले यात्रियों के लिए ही है, जिनके वैक्सीनेशन कैंपेन को भारत सरकारपारस्परिक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मान्यता देती है। इन देशों में कनाडा, हांगकांग, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, बहरीन, कतर, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कुछ यूरोपीय देश शामिल हैं। यह राहत की बात है कि कोरोना का असर अब कम पड़ता दिख रहा है। रोजाना संक्रमण का आंकड़ा एकलाख से नीचे आ जाना बता रहा है कि तीसरी लहर कमजोर पड? लगी है। हालांकि यह कहना भी एकदम सही नहीं होगा कि खतरा टल गया है। अब तक की तीन लहरों का अनुभव तो यही बताता है कि जरा-सी लापरवाही भी हमें फिर से बड़े जोखिम में धकेल देती है। रोजाना संक्रमण, उपचाराधीन मरीजों और मौतों के आंकड़े कभी तेजी से बढ? लगते हैं तो कभी कम होते दिखते हैं और हम मान बैठते हैं कि अब महामारी खात्मे की ओर है। लेकिन हकीकत में अब तक ऐसा हुआ नहीं। फिर महामारी विशेषज्ञ भी अगली लहर के खतरे को लेकर कुछ कह पाने की स्थिति में हैं नहीं। इसलिए सतर्क रहने जरूरत तो है। यह हम देख ही चुके हैं कि दूसरी लहर आने के पहले कोरोना से मुक्ति का दावा किया जाने लगा था और इसी के बाद लोग बेहद लापरवाह हो गए थे। इसका असर दूसरी लहर के दो महीनों में हुई दो लाख मौत के रूप में सामने आया था। भारत में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा अब पांच लाख के ऊपर निकल चुका है। हालांकि इस आंकड़े को लेकर भी विवाद कम नहीं रहे हैं। कई अध्ययनों में दावा किया जाता रहा है कि भारत में कोरोना से मरने वालों की संख्या सरकारी आंकड़ों की तुलना में कई गुना ज्यादा है। वैसे कोरोना संक्रमण से मरने वालों की सही-सही संख्या का पता लगा पाना व्यावहारिक तौर पर इसलिए भी संभव नहीं दिखता क्योंकि हमारे पास ऐसा पुख्ता और सटीक तंत्र ही नहीं है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल किसी से छिपा नहीं है। हकीकत तो यह है कि कोरोना से मौत के जितने मामले सरकारी और निजी अस्पतालों के रजिस्टरों में दर्ज हैं, वे ज्यादातर शहरी इलाकों के ही हैं। वैसे अब हम महामारी के साथ रहने के आदी हो चले हैं। जिन-जिन राज्यों में रोजाना संक्रमण और उपचाराधीन मामलों की संख्या घटने लगी है, वे सभी अपने यहां प्रतिबंधों में ढील दे रहे हैं। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सलाह पर दिल्ली सरकार ने लगभग सारे प्रतिबंध हटा लिए हैं। स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालयों सहित सभी शिक्षण संस्थान, जिम, तरणताल, बाजार आदि खोल दिए हैं। यानी कोशिश इस बात की है कि जनजीवन वैसा ही सामान्य हो चले जैसा महामारी के पहले था। हालांकि एक अच्छी बात यह भी है कि आबादी के बड़े हिस्से का टीकाकरण हो चुका है। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि हम कोरोना से पहले की स्थिति में सिर्फ तभी लौट पाएंगे, जब नागरिक समुदाय अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करेगा। वरना अगली लहर को आने से कोई रोक नहीं पाएगा।

लग गई है बोली !

लग गई है बोली ।
खेलना अब खेल ।।
माल-पानी आता है ।
तभी बैठता मेल ।।
बोली है ये ऐसी ।
अब लगनी हर हाल ।।
काम जब ये हो जाए ।
होता फिर कमाल ।।
है चर्चा चहुंओर ।
बिक गए अब हम ।।
हुनर है दिखाना ।
ना किसी से कम ।।
इंतजार है थोड़ा ।
लग जाएंगे काम ।।
खरा है उतरना ।
मिला पूरा दाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

वैलेंटाईन डेकी विकृति छोडें : भारतीय संस्कृति का अंगीकार करें! इस विषय पर ऑनलाईन विशेष संवाद !

डेके नाम पर मिशनरी विद्यालयों से नियोजनबद्ध ढंग से हिन्दू संस्कार नष्ट किए जा रहे हैं ! - श्री. अशोक पाठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सनातन एकता मिशन

हिन्दू संस्कृति केवल मानव पर ही नहीं, अपितु सभी से प्रेम करना सिखाती है; परंतु यह ज्ञात न होने से डे संस्कृति एन्जॉय करने के पीछे पडा हुआ आज का युवावर्ग अपनी शिक्षा एवं ब्रह्मचर्य

छोडकर झूठे प्रेम के पीछे दौड रहा है । इसलिए उनमें शारीरिक एवं मानसिक विकृतियां निर्माण होकर उनका जीवन व्यर्थ जा रहा है । मुख्यरूप से इस डे के नाम पर मिशनरी विद्यालयों में नियोजनबद्ध पद्धति से हिन्दू संस्कार नष्ट किए जा रहे हैं, ऐसा प्रतिपादन उत्तर प्रदेश के सनातन एकता मिशनके राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री. अशोक पाठक ने किए । वे हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित वैलेंटाईन डेकी विकृति छोडें : भारतीय संस्कृति का अंगीकार करें ! इस विशेष संवादमें बोल रहे थे ।

इस अवसर पर बंगळूरू, कर्नाटक के व्यावसायिक श्री. स्वदेशी प्रशांत बोले कि, 7 फरवरी से 14 फरवरी तक भारतीय युवा पीढी को रोज डे, फ्रेंडशिप डे, चॉकलेट डे, वैलेंटाईन डे आदि पश?चिमी डे मनाने के पीछे, आर्थिक लूट मचाने में आंतरराष्ट्रीय कंपनियों का बहुत बडा षड्यंत्र है । इसमें शुभकामनापत्र, भेटवस्तु, चॉकलेट आदि बनानेवाली अनेक विदेशी कंपनियों का सहभाग होने से इन कंपनियों द्वारा युवावर्ग में डे संस्कृति का भारी मात्रा में प्रचार किया जा रहा है । पाश्चात्त्य डे के माध्यम से 12 से 20 बिलियन डॉलर्स का व्यवसाय किया जाता है । यह अब केवल कुछ डे तक ही मर्यादित न रहकर, हिन्दुओं की दिवाली एवं अन्य त्यौहारों पर पारंपारिक भारतीय मिठाई के स्थान पर सगे-संबंधियों एवं मित्र परिवार को कैडबरी भेट दें, ऐसा विज्ञापन करके भारी आर्थिक लूट मचाई जा रही है । इसमें आर्थिक लूट के साथ ही भारतीयों के धर्मांतरण करने का भी षड्यंत्र चल रहा है ।

इस अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति के युवा संगठक श्री. हर्षद खानविलकर बोले, कथित संत वैलेंटाईनके अस्तित्व का कोई की प्रमाण न होने से 1969 में रोमन कैथलिक चर्च ने संतों की दिनदर्शिका से वैलेंटाईन का नाम हटा दिया । इसके साथ ही रूस के बेलग्रेड, अमेरिका के फ्लोरिडा विश्वविद्यालय, चीन, इटली, स्वीडन, नॉर्थ कोरीया, इथियोपिया आदि देशों में भी यह दिन नहीं मनाया जाता । फिर भारत में ही वैलेंटाईन डे किसलिए ? केवल युवकों को आकर्षित करते हुए ये विविध कंपनियां अपनी तिजोरी भर रही हैं । इसके विरोध में हिन्दुओं को विद्यालय-महाविद्यालय में जाकर युवकों का प्रबोधन करना चाहिए और ऐसे विज्ञापन करनेवाली कंपनियों का वैधानिक मार्ग से विरोध करना चाहिए । अपनी युवापीढी को धर्मशिक्षा देनी चाहिए । इस अवसर पर भाजप के चाळीसगाव तालुका के अध्यक्ष श्री. सुनील निकम बोले, वैलेंटाईन डे यह विकृति ही है । इस कारण युवक-युवतियों का जीवन संकट में पड गया है । इस पाश?चात्त्य डे से लव जिहाद को प्रोत्साहन मिलता है और कुछ धर्मांध संगठन जानबूझकर इसे फैलाते हैं । इसके विरोध में हिन्दुओं को जागृत होना चाहिए ।

दावत

चिड़िया दाना चुंगने निकली । मोटू सेठ को ढूंढने निकली।। बफर भोज के आयोजन में, अपने मन का फुदकने निकली।। कहीं पर कीड़े और मकोड़े। पकवान महकते थोड़े थोड़े।

बैठ डाल पर देखा दृश्य,

कचरकूट करते थे ब्यौड़े।। कहीं कचौड़ी कहीं पकौड़े,भरुई पूड़ी कहीं सोहारी। कहीं पर बांटी चोखा चटनी, कहीं दाल-भात रोटी तरकारी।। कहीं बकरे का गोस्त बना था। कहीं पर फुल्की कहीं पर छोला,छोला में काबली चना था।।जगमग जगमग जलती लाईट,मंद रोशनी लिए हुए। सफेद लाल की दावत में L.E.D. बल्ब थे बुझे हुए। कार्यक्रम का आयोजक मुखिया, फूले नहीं समा रहा था। शायद कुर्सी के चक्कर में,दावत देकर खिला रहा था।

गौरीशंकर पाण्डेय सरस

प्रजातंत्र के चुनावी महायज्ञ में मतदाता आहूति अवश्य ही डाले भले ही वह नोटा हो

विश्व के सबसे प्राचीन लोकतंत्र भारत में संविधान द्वारा अपने नागरिक को मतदान का अधिकार दिया है।इन अधिकार का प्रयोग कर मतदाता अपने पसंद के अधिकारो कि रक्षा हेतु अपने जन प्रतिनिधि को अपने मतदान का प्रयोग कर संसद व विधान सभा में चुन कर भेजती है। लेकिन दुःख की बात यह है कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में संसद व विधान मंडलों के चुनावों में शैक्षिक योग्यता का कोई प्रावधान ना होने के कारण पूर्ण रूपेण अशिक्षित व्यक्ति भी वहाँ पहुँच कर राज्य व राष्ट्र के निमार्ण में नीति निर्माताओं व कानुन के श्रृजन मे अपना योगदान दे रहा है वही दुसरी ओर समाजिक व शासकीय व्यवस्था में किसी भी कर्मचारियो की नियुक्ति की प्रक्रिया में उनकी शैक्षिक योग्यता है। जिस की समय समय पर उसके पद के अनुसार निर्धारित कि जाती है। संविधान निर्माण के समय डा० राजेन्द्र प्रसाद ने योग्यता के विन्दू पर अपना मत व्यक्त करते हुए कहा था कि संसद में जन प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हो कर राष्ट्र निर्माण का कार्य करने वाल व्यक्ति भले ही शैक्षिक रूप सम्पन्न ना हो किन्तु वह निश्चित रूप से सचरित्र हो ,उस के चरित्र पर रंदेह ना हो , जिसे वह विना धर्म जाति आदि के मोह पाश में पडे ' समाज व राष्ट्र निर्माण के हित में निर्णय ले सकें। उन्होंने शैक्षिक योग्यता की जगह जन प्रतिनिधि की आचरण व सचरित्र पर लोक तंत्र के लिए आधार माना था।किन्तु इन दिनों व्यवहार मे यह देखा जा रहा है कि पुरी तरह से इस संदर्भ में तस्वीर ही अलग है। सचरित्र व निष्ठावान व्यक्ति चुनाव से अपने के दुर रखना पसंद करते है वही माफिया 'गुडे अपराधिक प्रवृति के लोग जन प्रतिनिधि के रूप अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है।

आज सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव में वाहु बली व माफियाओं को टिकट दे कर अपना पीट थपथपा रही है। भारतीय राजनीति के उपर संकट के काले कारनामों वाले जन प्रतिनिधि के रूप विधायी व्यवस्था में अपनी शक्ति का प्रयोग कर रही है। जिसे समाज के जागरूक नागरिकों द्वारा ऐसी जन प्रतिनिधियों को वापस बुलाने के लिए समय समय पर मांग उठती रहती है। जिस पर अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है।हालाकि सन 2013 मे एक जन हित याचिका की सुनवाई के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को निंदेश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग को वोटिग मशीन में प्रत्यासियों के नाम एवं उनके चुनाव चिन्ह के साथ नोटा का विकल्प उपलब्ध कराने का दिया गया था !

नोटा शब्द का संक्षिप्त रूप है। जिसका हिंदी में अर्थ है इन में सें कोई नहीं " क सन 2013 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पिपुल्स ऑफ सिविल लिबर्टीज की जन हित याचिका पर दिये गये फैसले के परिणाम स्वरूप ई वी एम मशीन में अन्तिम प्रत्याशी के नाम रूप में नोटा को सम्मलित किया गया।जिसका चुनाव चिन्ह के रूप में क्रॉस ई वी एम मशीन सबसे अन्तिम में अंकित किया गया।अब कोई भी मतदाता अपना मतदान कर ते समय अपनी पसंद व सुयोग्य प्रत्यासी नही होने पर नोटा के बटन दबाकर कर अपना मतदान कर सकता है। चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार नोटा को प्राप्त मत निर्णायक ना होकर निरस्त मतों की श्रेणी में रखें जाते है।फिर भी उसका अपना महत्व चुनाव परिणामों को करने में दिखाई पड़ते है।इस सम्बन्ध में पूर्व चुनाव आयुक्त टी एस कृष्णा मुर्ति ने यह सुझाव दिया है कि यदि चुनाव में हार जीत का अन्तर नोटा को प्राप्त मतों से कम है तो उस चुनाव को निरस्त कर पुनः चुनाव कराया जाना चाहिए ।

भारतीय लोकतंत्र के लिए महापर्व बर्ष है।सन 2022 के इस चुनावी कैलेंडर साल में 7 राज्यों की विधान सभाओं के चुनाव होने वाले है। फिलहाल चुनाव आयोग ने पाँच राज्यो के विधान सभा चुनावों के तारीखों की घोषणा करते ही उत्तरप्रदेश,उत्तराखंड,पंजाब,गोवा और मणिपुर विधानसभा के चुनावी प्रक्रिया चल रही है। सभी प्रमुख राजनीति दलों ने अपनी कमर कस ली तथा अपनी जीत के लिए शाम,दण्ड व भेद का इत्तमाल करने में कोई कसर नही छोड रही है। वहीं इसी साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात के विधान सभाओं के चुनाव कराए जाएंगे।आज भारतीय राजनीति मेंअहम भूमिका निभाने वाले उतर प्रदेश में प्रथम चरण मतदान 61 % से अधिक मतदाताओं ने अपने मतदान किया है।दुसरे चरण का मतदान 14 फरवरी को है।

पाँच राज्यो उत्तर प्रदेश ,उत्तराखंड और पंजाब राज्यों के विधान सभा चुनावों के परिणाम यह बताएंगे कि केन्द्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा सरकार द्वारा लाये गये तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुए किसान आंदोलन का असर कैसा रहा। हालाकि किसान आन्दोलन के व्यापक विरोध के चलते तीनो नये कृषि कानुन को केन्द्र सरकार द्वारा वापस ले ली गई है ,जिन राज्यों में विधान सभा के चुनाव हो रहे हैं,वहाँ के विभिन्न संगठनो व अन्य श्रोतों से कराये गये सर्वे के अनुमान के मुताबिक कांग्रेस और विपक्षी दलों को इस बार बीजेपी के सामने मुश्किलें खडा कर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सकती है। ऐसे में इन पांच राज्यों के विधान सभा के परिणाम संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा की तस्वीर तय करेगी। राजनीति के पंडितो के अनुसार ।ऐसे मे बीजेपी के लिए अपनी पसंद के राष्ट्रपति उम्मीदवार चुनने व राज्यसभा में भी अपनी पार्टी का दबदबा बनाए रखने के लिए इन पांच राज्यों में पुराना प्रदर्शन दोहराने के लिए ऐन ,केन व प्रकरण दबाव बना रही है।तो वहीं विपक्ष राजनीति दलों के द्वारा इन पाँच राज्यों के विधान सभा के चुनाव के परिणाम को अपने पक्ष में कर बीजेपी को सबक सिखाते हुए कमजोर करने के लिए अपनी पुरी ताकत लगा रही है।वही केन्द्र की भाजपा सरकार केन्द्र सरकार के पुरी कैबिनेट 'भा जा पा शासित मुख्य मंत्री 'सासंद सहित तमाम पार्टी को प्रचार युद्ध झोंक दी है। वही केन्द्र की सता के कुर्शी पर आसीन बीजेपी के लिए अगामी वर्ष 2024 लोक सभा आम चुनाव से पहले यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि भाजपा ही भारत का भाग्य विधाता है। प्रत्येक राष्ट्र प्रेमी का शुभ चितंक है। गृह मंत्री स्वयं घर घर जाग कर मतदाताओं से अपील करने को मजबुर है कि आप अपने बोट विधायक 'मंत्री या मुख्य मंत्री का चुनाव नही कर रहे ब्लकि भारत का भविष्य बनाने व उसे सुरक्षित करने के लिए हमारी पार्टी को बोट दे रहे है,लेकिन यहाँ तो सच्चाई कुछ और ही है।

कब आओगे मेरे निर्जन मधुबन में ?

आ गया बसंत लेकर मकरकंद बहार,
कब आओगे मेरे निर्जन मधुबन में ?
खेतों में पियराई सरसों करती मनुहार,
चहुँओर वसुंधरा करती सोलह श्रृंगार,
झुरमुटों से कोयल कूँकती बारम्बार
चल रही मस्त, मन्द, मादक बयार ।
आ गया बसंत लेकर मकरंद बहार
कब आओगे मेरे निर्जन मधुबन में ?
चहकती बुलबुल डाली-डाली द्वार-द्वार
वन वाटिका बाग तडांग सब गुलजार
खग-मृग पशु मिलकर गा रहे मल्हार
यौवन से हठखेली करती फगुआ फुहार
आ गया बसंत लेकर मकरंद बहार,
कब आओगे मेरे निर्जन मधुबन में।
गेंदा गुलाब गुड़हल गुलमोहर करते गुहार
चम्पा चमेली जूही कनेर सृष्टि का बन गए हार
सौन्दर्य अलौकिक दिग दिगंत गगन रहा निहार
तरसत तडपत हृदय,व्याकुल नैनन में तेरा इंतजार
आ गया बसंत लेकर मकरंद बहार
कब आओगे मेरे निर्जन मधुबन में।

मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता
बापू स्मारक इंटर कॉलेज दरगाह मऊ।

नारी शक्ति को नमन करते हुए महिला दिवस पर जानिए क्या है विशेष!

भारत का राष्ट्रीय महिला दिवस 13 फरवरी को मनाया जाता है । नारी समाज सहजता से प्रतिदिन , प्रतिपल भिन्न-भिन्न भूमिकाएं जीते हुए समाज को नई दिशा और दशा प्रदान करती रहती है । महिलायें किसी भी समाज अथवा संस्कृति का आधारभूत स्तम्भ है। हमारे आस पास की महिलायें ,सहृदय बेटियां, संवेदनशील माताएं, सक्षम सहयोगी और अन्य कई भूमिकाएं , बड़ी कुशलता व सौम्यता से निभा रहीं है। लेकिन आज भी दुनिया के कई हिस्सों में समाज उनकी भूमिका को नजरअंदाज करता है। इसके चलते महिलाओं को बड़े पैमाने पर असमानता, उत्पीड़न, वित्तीय निर्भरता और अन्य सामाजिक बुराइयों का खामियाजा सहन करना पड़ता है। सदियों से ये बंधन महिलाओं को पेशेवर व व्यक्तिगत ऊंचाइयों को प्राप्त करने से अवरुद्ध करते रहे हैं। इसी दिन प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और कवयित्री सरोजिनी नायडू का जन्म हुआ था। सरोजिनी नायडू स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही स्त्रियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली प्रमुख कार्यकर्ता थीं। उन्हें 'नाइटेंगल ऑफ इंडिया' और 'भारत कोकिला' के रूप में भी जाना जाता है। सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती 13 फरवरी, 2014 को राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की शुरूआत की गई।

उन्होंने 12 साल की उम्र से ही कविताएं लिखनी शुरू कर दी थीं। शिक्षा हासिल करने के दौरान ही वे राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ गईं और उसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। सरोजिनी नायडू ने औरतों को शिक्षा दिलाने और समाज में उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए काफी संघर्ष किया।

सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने वाली पहली भारतीय महिला थीं। उन्हें साल 1925 में कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। 1905 में जब बंगाल का विभाजन हुआ तो इसके



विरोध में वे सक्रिय रूप से राजनीति में आ गईं 1928 में जब देश में प्लेग फैला तो उन्होंने इस महामारी के दौरान रोगियों की सेवा के लिए दिन-रात एक कर दिया। इसके लिए ब्रिटिश सरकार ने उन्हें कैसर-ए-हिंद उपाधि से सम्मानित किया। देश की आजादी के बाद उन्हें संयुक्त प्रांत (अब उत्तर प्रदेश) का राज्यपाल बनाया गया । सरोजिनी नायडू साहित्यिक योगदान के लिए पूरी दुनिया में वे जानी जाती हैं। उनकी कुछ कविताएं सिलेबस में भी लगी हुई है सरोजिनी नायडू महिला अधिकारों की प्रबल समर्थक थीं उन्होंने उनकी शिक्षा और समाज में उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए काफी प्रोत्साहन दिया। यही कारण है कि उनके जन्मदिन पर भारतीय महिला संघ और अखिल भारतीय महिला सम्मेलन ने साल 2014 से राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का निर्णय लिया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए हमें सरोजिनी नायडू के योगदान को नहीं भूलना चाहिए।

जयशंकर प्रसाद की लिखी ये पंक्तियां

"नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग पग तल में, यूँ पीयूष स्रोत-सी बहा करो, जीवन के सुन्दर समतल में।ह्व महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने हेतु पर्याप्त है। समाज ने एक सहनशील जीते-जागते कर्मठता को सिर्फ एक भावनात्मक रूप दे दिया, उसे देवी बना दिया, लेकिन कभी भी उसकी आकांक्षाओं की परवाह नहीं की, जो सिर्फ एक सामान्य मनुष्य के रूप में जीवन के सभी क्षेत्रों में पुरुष की सहचरी बनना चाहती है, पुरुष की भाँति जीवन में घर से बाहर निकलकर संघर्ष करना चाहती है। हमने कभी माँ के रूप में, कभी पत्नी के रूप में, कभी बहन के रूप में, तो कभी बेटी के रूप में हमेशा उसका मानसिक दोहन किया। वह घर के अन्दर एक ऐसी श्रमिक बन गई है, जो बिना पारिश्रमिक लिए अत्यन्त आत्मीयता से सभी सदस्यों की सेवा करती है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में अन्य प्रयास, महिला दिवस के आयोजन को माना जाता है, जिसकी शुरूआत अमेरिका में सोशलिस्ट पार्टी के आह्वान पर पहली बार 28 जनवरी, 1909 को की गई, जिसे बाद में फरवरी महीने के अन्तिम रविवार को आयोजित किया जाने लगा। आगे चलकर वर्ष 1917 में रूस की महिलाओं ने महिला दिवस पर रोटी एवं कपड़े के लिए हड़ताल की। रूस के तानाशाह शासक जार ने सत्ता छोड़ी और बोल्शेविक क्रान्ति के बाद सत्ता में आई अन्तरिम सरकार ने महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया।

पंकज कुमार मिश्रा एडिटोरियल कॉलमिस्ट शिक्षक एवं पत्रकार केराकत जौनपुर ।

मेकअप टिप्स

पार्टी टाइम नो टेंशन...!!

फ्रैंड की बर्थडे पार्टी में जाना हो और बिजी शैड्यूल के कारण पार्लर में जाने का टाइम न हो तो आप परेशान न हों, बल्कि आप घर बैठे खुद को अपने हिसाब से मिनटों में बेहतर लुक दे कर अपने फ्रैंड्स के बीच सेंटर आफ अट्रैक्शन बन सकती हैं। बस थोड़े से टिप्स को ध्यान में रखना होगा।

मेकअप से पहले क्या करें?

फेस पर इंस्टैंट ग्लो के लिए मेकअप करने से 10 मिनट पहले आप अपने चेहरे पर दही अप्लाई करें। आप को बता दें कि दही ब्लीच का काम करता है। इससे स्किन ग्लोइंग दिखने के साथ मेकअप भी काफी अच्छा रिजल्ट देता है।

❑ आप ग्लोइंग स्किन के लिए हफ्ते में 3 दिन दही में नीबू मिला कर या फिर दही में टमाटर मिला कर भी लगा सकती हैं। इस के बाद आप को मौइश्चराइजर लगाने की भी जरूरत महसूस नहीं होगी। यह प्राइमर का काम करता है।

घर पर रखें कास्मेटिक प्रोडक्ट्स

कभी भी घर में पार्टी फंक्शन हो सकता है और ऐसे में हर बार पार्लर से तैयार होना संभव नहीं होता। इसलिए आप घर पर मेकअप किट जिस में क्रीम, कंसीलर, फाउंडेशन, ब्रश,कौम्पैक्ट, आईशैडो, काजल, लाइनर, ब्लशर, लिपस्टिक, लिप पैंसिल, हेयर ऐक्सैसरीज बिंदी, नेल पौलिश वगैरा ला कर रखें ताकि आप के लिए मिनटों में मेकअप करना आसान हो सके।

कैसे करें मेकअप..?

अगर स्किन ज्यादा ड्राई दिखेगी तो मेकअप इतना इफैक्टिड नहीं लगेगा इसलिए सब से पहले स्किन की ड्राईनैस को दूर करने के लिए चेहरे पर कोल्ड क्रीम अप्लाई करें। इससे स्किन की ड्राईनैस दूर होती है। फिर आंखों के नीचे कंसीलर अप्लाई करें। यह डार्क सर्किल्स को छुपाने का काम करता है। इस के बाद चेहरे पर अच्छे से फाउंडेशन लगाएं। गर्दन पर भी फाउंडेशन लगाना न भूलें। इससे नैचुरल स्किन टोन के साथ स्किन क्लीयर नजर आने लगती हैं। बेस तैयार हो जाए तो उस के बाद ब्रश की मदद से कौंपैक्ट लगाएं। यह आप को परफैक्ट लुक देने का काम करेगा।

इसके बाद आईशैडो ले कर आई मेकअप करें। आजकल स्मोकी आइज का काफी क्रेज है तो आप डार्क कलर से स्मोकी आईज के साथ आईब्रो को भी उसी से डिफाइन कर के उस पर थोड़ा गिलटर लगाएं। इसके बाद आंखों के ऊपर अपनी पसंद के अनुसार पतला या मोटा लाइनर अप्लाई करें। इससे आप की आंखें और

खूबसूरत दिखेंगी।

इस के बाद ब्लशर को नोज के पास से आईब्रो तक लगाएं और इसे अंगुलियों से अच्छे से मिलाएं। फिर ब्लशर के बाद हाईलाइटर लगाएं। इस से मेकअप थोड़ी देर बाद ग्लो करने लगता है। आखिर में बालों को अपनी पसंद के हिसाब से लुक दें।

न्यू ट्रेंड इन मेन्स

यूथ हुए फैशनेबल

टीनएज के बाद की लाइफ में आना एक नया एक्सपीरियंस होता है। हम टीनएज से उम्र के नए पड़ाव में आते हैं। स्टाइल की बात करें तो उम्र का यह दौर स्टाइल के मामले में भी हमारे पुराने ढर्रे को पूरी तरह से बदल देता है। कुछ नया एक्सपेरिमेंट करने को हर युवा बेचैन हो जाता है।

स्कूल से कॉलेज और कॉलेज से फिर जॉब ये पूरा दौर बदलाव का होता है। ये सारे पड़ाव हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा होते हैं। इस दौर के हर मुकाम पर हम अपनी एक स्टाइल बनाते हैं। लेकिन इस दौर में स्टाइलिंग को लेकर भी कई जरूरी बातें हैं, जो जानना जरूरी हैं।

1- फैशन नहीं स्टाइल को दें तवज्जो

फैशन भले ही बदले लेकिन स्टाइल हमेशा बना रहता है। इसलिए फैशन पर ध्यान न देकर अगर हम एवरग्रीन स्टाइल पर फोकस करें तो बेहतर होगा। फैशन में चल रहे ट्रेंड की बात करें तो इसके साथ दिक्कत ये होती है कि ये हमेशा बदलता रहता है। आज इस तरह के कपड़ों का फैशन है तो कल कोई और। सबसे बड़ी दिक्कत तब आती है जब फैशन आउट हो जाता है। फैशन आउट होने पर यही कपड़े चीप लगने लगते हैं और बेकार हो जाते हैं। जबकि अगर क्लासिक स्टाइल पर फोकस किया जाए तो ये स्टाइल टाइमलेस होते हैं। मान लीजिए अगर आपने क्लासिक सूट लिया है, तो ये जान लें कि इसका स्टाइल कभी पुराना नहीं होता, साथ ही सभी ओकेजन्स के लिए ये परफेक्ट लुक भी देता है।

2- स्किन पर ध्यान देना शुरू कीजिए

कपड़ों के अलावा भी कई चीजें हैं, जिसको लेकर हमें इस दौर में सीरियसली सोचना पड़ेगा। उसमें से एक है स्किन केयर, क्योंकि हमारी स्किन में भी कई चेंजेस आते जाते हैं। इस वक्त हमें स्किन रिलेटेड कई परेशानियों से भी दो-चार होना पड़ता है। ये वो दौर है जब हमारे लिए स्किन की देखभाल जरूरी हो जाती है। चूंकि इस वक्त कई हार्मोनल चेंज भी होते रहते हैं, जिसकी वजह से स्किन में ऑयली और पिंपल्स जैसी प्रॉब्लम होने लगती है। इसके लिए ऑयल कंट्रोल हमारी पहली प्रायरिटी होना चाहिए। स्किन की हेल्थ के लिए डाइट पर भी ध्यान देना पड़ेगा।

3- बालों पर ध्यान दें और उनका ख्याल रखें

स्किन की तरह बालों पर भी अभी से ध्यान दिया जाए तो आगे के लिए अच्छा होगा। बालों का वेल ग्रूम्ड होना हमारी पर्सनैलिटी को निखारता है। वैसे तो सबके बालों की ग्रोथ अलग-अलग होती है, लेकिन हर दो हफ्ते में सैलून जाना अपने रूटीन में शामिल कर लीजिए। इस बात का हमेशा ध्यान रहे कि लड़कों के बेहतर तरीके से कटे और सेट बाल उनका फर्स्ट इंप्रेशन बनाते हैं। वैसे तो कई तरह के हेयर स्टाइल इन दिनों फैशन में हैं, लेकिन बज कट,

स्लिक बैक और साइड पार्ट हमेशा अच्छे लगते हैं।

4- फेशियल हेयर को रखें वेल मेंटेन

इस उम्र चेहरे के बाल यानी दाढ़ी की ग्रोथ बढ़ती है। फेशियल हेयर केयर भी उतना जरूरी है जितना बालों की। क्लीन शेव्ड लड़के वैसे भी हमेशा से जेंटलमैन कैटेगरी में आते हैं। अगर आप क्लीन शेव्ड लुक पसंद करते हैं तो इस बात का ध्यान रहे कि रोज या फिर एक दिन की आड़ में शेव करते रहें, वैसे आजकल दाढ़ी का फैशन है लेकिन इस बात का ख्याल रखना जरूरी है दाढ़ी सही तरीके से ट्रिम हो।

5- बनाइए अपना स्टाइल आइकॉन

यह दौर ऐसा होता जब हम अपने लुक्स और स्टाइल को लेकर काफी कॉन्शियस होते हैं। कई बार कुछ कन्फ्यूजन भी होता है कि हम आखिर किसे फॉलो करें। ऐसे में अपना एक स्टाइल बनाना सबसे बढ़िया तरीका है। अपने स्टाइल आइकॉन को सामने रखकर उसे फॉलो करना उसके जैसा स्टाइल रखने की कोशिश करना अपना खुद का स्टाइल डेवलप करने में बहुत काम आता है।

सूट-पैंट और ब्लेजर भी हुए स्टाइलिश

सूट-बूट पहनना कौन नहीं चाहता है। इसको हर बॉडी टाइप वाले पुरुष पहन सकते हैं। यकीनन किसी भी खुशी के मौके पर जलवा बिखेरने के लिए ये काफी होता है। सूट-पैंट, शर्ट, कोट और ब्लेजर पहनने वालों को देखने के बाद हर दिल यही कहता है। इसलिए तो हर लड़के को अपने वार्डरोब में एक- दो जोड़ी ऐसी ड्रेस रखनी चाहिए।

आप इस तरह के सूट-बूट को अपने ऑफिस मीटिंग, शादी कार्यक्रम या ऑफिस पार्टी पर पहनकर जा सकते हैं। अगर आप भी खुद को ऐसे मौकों के लिए तैयार करना चाहते हैं तो इन 5 तरीकों से सूट-पैंट- शर्ट, कोट / ब्लेजर पहन सकते हैं।

1. वेलवेट ब्लेजर

वेलवेट ब्लेजर पहनने में जितना मखमली लगता है उतना ही वह देखने में भी आकर्षक होता है। इसलिए वेलवेट ब्लेजर को पहनना सही विकल्प हो सकता है। इसको आप खासकर सर्दी के मौसम में किसी कार्यक्रम पर पहनकर जाएं।

रॉयल ब्लू, मरून कलर के ब्लेजर के साथ सफेद रंग की शर्ट और काले रंग की पैंट पहनें। इसके साथ मॉन्क स्टाइल शूज पहनें। इस तरह की मैचिंग से चार चांद लग सकते हैं। लेकिन इसके साथ टाई बांधने की गलती न करें। क्योंकि यह आपके लुक को बिगाड़ने का काम कर सकता है।

2. सूट बूट

टेक्सचर स्टाइल के कोट, स्काय ब्लू कलर की शर्ट और ब्लैक कलर की पैंट को अपनी वार्डरोब में जरूर रखें। इसके साथ आप कलरफुल टाई को पहनें। यह आपके लुक में जान डालने का काम करेगा। अगर आप कोई फॉर्मल टाई पहनते हैं तो इससे लुक फीका पड़ सकता है।

3- ब्लैक सूट

काले रंग का सूट पहनने वालों की बात ही निराली होती है। इस तरह के सूट में आप

फैशन आज का

एकदम किलर लगते हैं। ऐसे सूट को आप नाइट पार्टी के लिए पहनें। क्योंकि रात में ऐसे कपड़ों का अलग ही रंग चढ़ता है। जो कि आपको निखारने का काम करता है।

4- एंब्रॉयडरी सूट

अगर आपके पास कोट या ब्लेजर है तो उसके साथ एंब्रॉयडरी शर्ट पहनें। जिस शर्ट की कॉलर या कफ पर कढ़ाई की गई हो उसको पहनें। इस तरह का लुक आपके कैजुअल पार्टी के लिए सही रहेगा। अगर आप खुद ही देखेंगे तो ये एंब्रॉयडरी आपको प्यारी लगेगी।

5. ऑफ व्हाइट कोट / ब्लेजर

अगर आप कुछ नया लुक चाहते हैं तो ऑफ व्हाइट कोट / ब्लेजर के साथ कुछ इस तरह का एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं। इस तरह के ब्लेजर के साथ कभी भी राउंड नेक टी-शर्ट ही पहनें। इस तरह का कैजुअल लुक काफी आकर्षक होता है। शॉर्ट हाइट मैन के लिए भी ये सही है। ऐसे ही कैजुअल ब्लेजर आप अपने पास रखें।

लाइफस्टाइल

50 के बाद कैसी हो लाइफस्टाइल

स्वस्थ रहने के लिए उम्र के साथ-साथ खान-पान की आदतों में बदलाव करना बहुत जरूरी होता है, खासतौर पर 50 साल की उम्र के बाद।

इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि उम्र बढ़ने के साथ उसके लक्षण नजर आने ही लगते हैं, चाहे आप अपना कितना भी ख़्याल क्यों न रखते हों, लेकिन हां, आप अपने खान-पान का ख़्याल रखकर सेहत से जुड़ी चुनौतियों का आसानी से सामना कर सकते हैं और बीमारियों को काफी हद तक टाल सकते हैं। 50 के बाद खान-पान और जीवनशैली में बदलाव लाना चाहिए?

पौष्टिक खाएं

50 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरुषों को पौष्टिक खाना खाना चाहिए. इससे बढ़ती उम्र में होनेवाली बीमारियों, जैसे-हार्ट डिजीज, डायबिटीज, मोटापा और कुछ विशेष प्रकार के कैंसर होने का खतरा कम हो जाता है। खाने में फल, हरी सब्जियां, साबूत अनाज, फैट-फ्री या लो फैट डेयरी प्रोडक्ट्स शामिल करें। प्रोटीन के लिए मछली, अंडे, लीन मीट्स, बीन्स व नट्स का सेवन करें। मोटापे और दिल की बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि खाने में सैचुरेटेड फैट, ट्रांसफैट, कोलेस्ट्रॉल, नमक और शक्कर का सेवन कम से कम किया जाए।

शारीरिक रूप से एक्टिव रहें

50 की आयु लांघने के बाद फिट रहने के लिए शारीरिक रूप से एक्टिव रहना बहुत जरूरी होता है। फिजिकली एक्टिव रहने से मांसपेशियों को मजबूत बनाने, दिल को स्वस्थ रखने, शरीर का लचीलापन बरकरार रखने व बैलेंस को बनाए रखने में मदद मिलती है। शारीरिक रूप से एक्टिव रहने से डिमेंशिया जैसी बीमारी होने का खतरा कम होता है। इसके लिए हफ़्ते में कम से कम चार दिन आधे घंटे एक्सरसाइज करें। आप चाहें तो वॉकिंग, साइक्लिंग या स्वीमिंग कर सकते हैं। मसल्स को मजबूत बनाने के लिए वेट ट्रेनिंग एक्सरसाइज करें, लेकिन इसके लिए किसी ट्रेनर की मदद लें।

खाने में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा सीमित कर दें

प्रतिदिन 300 एमजी से अधिक कोलेस्ट्रॉल का सेवन न करें। अगर आपको हार्ट डिजीज है तो 200 एमजी कोलेस्ट्रॉल ही लें। अधिक कोलेस्ट्रॉल युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे-अंडे की जर्दी,



मलाईदार दूध इत्यादि का सेवन न करें। खाना बनाने के लिए कैनोल, ऑलिव या पीनट ऑयल का इस्तेमाल करें।

नाइटलाइफ कल्चर के साथ बदलता फैशन

नाइटलाइफ फैशन

दिल्ली में भी नाइटलाइफ का कल्चर बढ़ रहा है। यही वजह है कि फैशन की दुनिया भी इसमें अहम भूमिका निभा रही है। युवाओं को नाइटलाइफ इतनी भा रही है कि फैशन डिजाइनर भी इसे अपनी थीम में शामिल करने पर मजबूर हो गए हैं।

आज के युवाओं के लिए दिन से ज्यादा रात अपनी होती है। दिन में तो वह दफ्तर में होते हैं, लेकिन रात का समय उनका अपना होता है, जिसमें वह खूब मौज-मस्ती करना चाहते हैं। इसी तर्ज पर मस्ती के मूड को ध्यान में रखते हुए खास फीमेल कलेक्शन निकाले गए हैं।

इस समय माइक्रो मिनी को छोड़ नी-लेंथ स्कर्ट पर ज्यादा फोकस किया ताकि पहनते वक्त ज्यादा सोचना न पड़े। रंगों में गाढ़ा नीला, भूरा, हरा और सुर्ख लाल का इस्तेमाल खूब किया है। काले रंग का प्रयोग भी उनकी कलेक्शन में बेहतरीन लगा जिसमें हाथ से की गई हल्की एंब्रोएडरी आकर्षक है।

कफतान थीम में जहाँ गाढ़े रंगों का प्रयोग था जैसे महरून, गाढ़ा नीला और नारंगी आदि। वहीं सूती में इन्होंने सभी हल्के रंगों का इस्तेमाल किया, जैसे हलका गुलाबी, नीला, सफेद।

आमतौर पर इनके कलेक्शन में सफेद रंग को बेस बनाया गया। एक कफतान जो कि दक्षिण अरेबिया के फैब्रिक से अधिक प्रभावित थी। इसमें सिल्क और नेट का प्रयोग अधिक दिखा। दूसरा कलेक्शन मेन और वुमेन दोनों के लिए निकाला गया है, जिसमें लड़कियों के लिए मिनी स्कर्ट, केप्री, प्रिंटेड टॉप शामिल थे। वहीं लड़कों के लिए चेक शर्ट, ट्राउजर्स आदि को शामिल किया। यह पूरा फैब्रिक सिल्क में था।

आज के कलेक्शन में भारतीय और पश्चिमी दोनों ही पोशाकों का मेल दिख रहा है। साड़ियों की एक

से एक बेहतरीन कलेक्शन मौजूद है। इस समय कंट्रास्ट कलर्स ज्यादा पसंद किया जा रहा है, जैसे साड़ी का रंग यदि गुलाबी है तो ब्लाउज का रंग क्रीम है। इसी तरह पल्लू का रंग यदि हरा है तो चोली महरून रंग की। चोलियाँ सभी पश्चिमी टच लिए हुई थीं। कहीं हॉल्टर नेक था तो किसी नेट की साड़ी पर बनारसी बॉर्डर। वहीं नेट पर गोटा पत्ती वर्क का भी बेहतरीन मेल था। नेट के साथ जॉर्जट का मेल अनोखा था। वेस्टर्न आउटफिट में शॉर्ट स्कर्ट, नी लेंथ स्कर्ट और उस पर कलियों वाला कोट खूब जँचेगा।

न्यू ट्रेंड इन ज्वैलरी

स्टाइलिश गहने बने पहली पसंद....

बदलती जीवनशैली के साथ, आभूषणों के प्रति भी महिलाओं के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। आज की महिलाएं स्टायलिस्ट गहने ज्यादा पसंद करती हैं जो फोटो-शूट के लिए फिट हों।

आज की महिलाएं स्टायलिस्ट गहने ज्यादा पसंद करती हैं जो फोटो-शूट के लिए फिट हों। लिहाजा ज्वेलर्स भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए स्टाइलिश गहनों की नई रेंज लॉन्च की है। बदलती जीवनशैली और मानसिकता के साथ, आभूषणों के प्रति भी महिलाओं के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। अधिकांश महिलाएं हॉलीवुड और बॉलीवुड फैशन, किम कर्दाशियां और प्रमुख डिजाइनरों जैसी हस्तियों से प्रेरित हैं। आज की युवा पीढ़ी को पता है कि अब सोने के आभूषणों को पश्चिमी शैली के परिधानों के साथ मैच किया जा सकता है और वे इस तरह का प्रयोग करने लगी हैं।

स्टाइल के साथ शुद्धता भी जरूरी

सोने की खरीद पर आपको डिस्काउंट देता कोई न कोई जरूर मिल जाएगा। ऐसे में जब बाजार में हर तरफ सोने-चांदी की दुकान सजी हो तो ग्राहक के लिए यह तय कर पाना मुश्किल हो जाता है कि सोना कहां से खरीदा जाए। इसके लिए शुद्धता पर जरूर ध्यान दें।

बॉक्स ऑफिस पर संग्राम

भिन्न राज्यों में थिएटर खुलने और बैठने की क्षमता (सिटिंग कैपेसिटी) में वृद्धि के बाद नई फिल्मों के प्रदर्शन की तिथियां जारी करने का सिलसिला प्रारंभ होने जा रहा है। लेकिन बॉलीवुड की विश्वसनीय खान तिकड़ी के शाहरुख खान और सलमान खान की फिल्में कही आसपास तक नहीं। यहां तक कि ईद वीकेंड को अपनी बपौती समझाने वाले सलमान खान ने भी ईद से पहले ही अलविदा की नमाज पढ़ डाली है। जबकि आमतौर पर तीनों खान हॉलिडे वीकेंड को बपौती समझते है। हर साल ईद की ईदी जैसे सलमान खान के लिए ही सुरक्षित समझी जाती थी। परन्तु, इस साल की ईद पर टाइगर श्रॉफ और अजय देवगन का कब्जा लग रहा है। टाइगर की फिल्म हीरोपंथी2 और अजय देवगन की फिल्म रनवे ३४ ईद से ठीक पहले 29 अप्रैल को प्रदर्शित हो रही है।

दक्षिण आत्मविश्वास- बॉलीवुड जहां फूक-फूक कर कदम रख रहा है, दक्षिण की तेलुगु तमिल और कन्नड़ फिल्मों में बहुत उत्साह है। अधिकतर फिल्मों के मार्च से लेकर मई के मध्य प्रदर्शित किये जाने के समाचार आ चुके हैं। विश्वास करें तो अजित कुमार की तमिल फिल्म वालिमै 24 फरवरी को प्रदर्शित होगी। यह हिंदी में भी प्रदर्शित होगी। वलिमै, अलिया भट्ट की पीरियड फिल्म गंगुबाई काठियावाड़ी को नुक्सान पहुंचा सकती है।

बड़ी फिल्मों का झुण्ड- मार्च से लेकर मई के मध्य दक्षिण की कुछ चर्चित फिल्में, प्रदर्शित होने जा रही है। प्रभास की हिंदी, तेलुग, तमिल और कन्नड़ भाषा में प्रदर्शित की जाने वाली फिल्म राधे श्याम 11 मार्च को प्रदर्शित होगी। अमिताभ बच्चन की 4 मार्च को प्रदर्शित हो रही फिल्म झुण्ड के पीछे आ जाने से दर्शकों की कमी हो सकती है। 18 मार्च को रणबीर कपूर की शमशेरा और अक्षय कुमार की बच्चन पाण्डेय बॉलीवुड का बड़ा टकराव प्रस्तुत कर रही है। बॉलीवुड का टकराव हताशा की निशानी है। एसएस राजामौली की बहुभाषी फिल्म आरआरआर 25 मार्च को प्रदर्शित हो रही ।

धाकड़ अटैक- हालांकि, अप्रैल में बॉलीवुड फिल्मों का प्रदर्शन जारी है। संभावना है कि 1 अप्रैल को जॉन अब्राहम की स्पाई फिल्म अटैक का पहला भाग तथा दक्षिण की हिंदी में फिल्म आर माधवन की राकेट्री द नम्बी इफेक्ट प्रदर्शित हो। यदि 25 अप्रैल को प्रदर्शित आरआरआर की दहाड़ बरकरार रही तो स्पाई और राकेट टिक पायेगा, इसकी उम्मीद कम है। 8 अप्रैल को प्रदर्शित हो रही कंगना रानौत की पहली एक्शन फिल्म धाकड़ को थोड़ी राहत मिल सकती है।

दांक्षण भारत का गदर- दांक्षण भारत अप्रैल के तीसरे हफ्ते मे गदर मचाने की तैयारी में है। 14 अप्रैल को दो फिल्में केजीएफ चैप्टर 2 और विजय की तमिल फिल्म बीस्ट के साथ प्रभास की गैंगस्टर फिल्म सालार प्रदर्शित हो जाए। हालांकि, कन्नड़, तमिल और तेलुगु फिल्म उद्योग की तीन बड़ी फिल्मों के टकराव की स्थिति बनने की स्थिति पर संदेह है। यश की धुंआधार एक्शन फिल्म केजीएफ चैप्टर 2, विजय की **लिर** फिल्म बीस्ट और प्रभास की एक्शन फिल्म सालार के गैंगस्टर आपस में टकराव करें। कितना हिंसक माहौल हो गया होगा, बॉक्स ऑफिस का! इन तीन गैंगस्टरों से आमिर खान का लाल सिंह चड्ढा अपनी मंद बुद्धि का कैसे इस्तेमाल करता है! हो सकता है कि इनके सामने चड्ढा का ड्रामा चौथे नंबर पर फिसल जाए! देखना दिलचस्प होगा कि आरआरआर के रामचरण एक महीना 3 दिन बाद अपने पिता चिरंजीवी के साथ आचार्य को क्या मुकाम दिला पाते हैं। फिल्म आचार्य 28 अप्रैल को रिलीज होंगी।

भीमला नायक बनेगा नायक- अप्रैल में दक्षिण की फिल्मों की दहाड़ ने तेलुगु फिल्मों को तारीखें बदलने को विवश कर रही है। इनके कारण अप्रैल में रिलज होने वाली पवन कल्याण और राणा डग्गुबती की फिल्म भीमला नायक तथा महेश बाबू की तेलुगु फिल्म सरकारू वारि पाता को 12 मई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। इसके बारे में समाचार है कि इस फिल्म को सिनेमाघरों के साथ साथ डिजिटल प्लेटफार्म पर भी प्रदर्शित करना चाहते है।

ईद सप्ताहांत पर बॉलीवुड- मार्च और अप्रैल दक्षिण से आई तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों के होंगे। लेकिन महीना बीतते बीतते बॉलीवुड के सितारे अंगड़ाई लेने लगेंगे। ईद साप्ताहांत का फायदा उठने के लिए भाई जान तो नही होंगे। नए और युवा एक्शन सितारे टाइगर श्रॉफ की हीरो पंथी 2 और अजय देवगन की विमान अपहरण **थ्रिलर** फिल्म रनवे 34 ईद की सिर्वैयां खाने 29 अप्रैल को बॉक्स ऑफिस पर आ जमेंगे।

चार साल बाद चड्ढा- आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा 14 अप्रैल को प्रदर्शित किये जाने की घोषणा की गई है। ठग्स ऑफ हिंदुस्तान के चार साल बाद, आमिर की कोई फिल्म प्रदर्शित होने जा रही है। ठग्स ऑफ हिंदुस्तान बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम हुई थी। चार साल बाद आमिर खान की कोई फिल्म रिलीज होने जा रही है। वही आमिर की लाल सिंह चड्ढा के सामने प्रदर्शित होने जा रही दक्षिण की दो फिल्में कन्नड़ फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 और विजय की तमिल फिल्म बीस्ट अधिक प्रचार पा चुकी है। लगता है कि आमिर की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 और बीस्ट से पीछे जा सकती है। चड्ढा के ओटीटी पर या बाद की किसी तिथि में प्रदर्शित किये जाने की चर्चाएं होती रहती है।

दिलचस्प होली- इस बार, बॉक्स ऑफिस पर होली दिलचस्प हो सकती है। मार्च में बहुत सी बड़ी फिल्में प्रदर्शित होने की तैयारी में है। लम्बे समय से रुकी फिल्मों के निर्माता चाहते है कि पहला मौका मिलते ही, अपनी फिल्म को सिनेमाघरों का मुंह दिखा दिया जाए। परिणामस्वरुप टकराव की स्थिति पैदा हो रही है। बड़े बजट की दक्षिण से आई अखिल भारतीय फिल्मो के प्रदर्शन की घोषणा के समय दक्षिण के निर्माताओं ने ख्याल रखा था कि बॉलीवुड के किसी बड़े सितारे से उनकी फिल्मों का टकराव न हो, इसीलिए अक्षय कुमार की फिल्म बच्चन पाण्डेय के सामने न राधे श्याम आई न आरआरआर ही परन्तु बॉलीवुड की ही फिल्म ने टकराव मोल ले लिया है. कभी होली में बॉक्स ऑफिस के सन्नाटे को देखते हुए, बड़ी फिल्मों के प्रदर्शन से दूर रहा जाता था लेकिन अब 18 मार्च को अक्षय कुमार के बच्चन पाण्डेय को रणबीर कपूर के शमशेर ने चुनौती दे दी है।

बालीवुड

हिंदी में सामंथा की शाकुंतलम

सामंथा रुथ प्रभु का, पुष्पा द राइज पार्ट 1 के ऊ बोलेगा या ऊऊ बोलेगा आइटम तथा वेब सीरीज द फॅमिली मैन सीजन 2 के बाद, हिंदी बेल्ट में मांग बढ़ गई है। फिल्म शाकुंतलम की निर्माता नीलिमा गुना का लगता है कि पुष्पा के बाद, सामंथा की फिल्म को हिंदी में डब किया जाए तो फिल्म अच्छा कारोबार कर सकती है। शाकुंतलम में, सामंथा शकुंतला की भूमिका कर रही है। दुष्यंत अभिनेता देव मोहन हैं। इसमें कबीर दुहान सिंह असुर राजा की भूमिका कर रहे हैं। फिल्म की चर्चा शकुंतला और दुष्यंत के बेटे भरत की भूमिका करने वाली बाल कलाकार अल्लू आरहा के कारण हुई थी।

जाह्नवी का तेलुगू डेब्यू

श्रीदेवी की बेटी जान्हवी कपूर अब तेलुगू फिल्मों में जा रही है। फिल्म का टाइटल जनगणमन है। इसके नायक विजय देवेराकोंडा है। करण जौहर की इस फिल्म का निर्माण निर्देशक पुरी जग्गनाथ के बैनर पुरी कनेक्टस के साथ कर रहे हैं। पुरी की विजय देवेराकोंडा के निर्देशन में हिंदी फिल्म लाइगर पोस्ट प्रोडक्शन में है। यह विजय की पहली हिंदी फिल्म होगी। इसमें नायिका अनन्या पाण्डेय है।

गन्स एंड गुलाब्स

स्पाई थ्रिलर सीरीज द फॅमिली मैन के दो सीजन की सफलता के बाद, राज और डीके की जोड़ी प्राइम वीडियो से नेटफ्लिक्स के प्लेटफार्म पर चली गई है। हालांकि, इस जोड़ी की तेलुगु कॉमेडी ड्रामा फिल्म सिनेमावंदी पिछले साल मई में नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होना शुरू हुई है। यह जोड़ी अपराध के बीच पलते रोमांस का चित्रण करने वाले सीरीज गन्स एंड गुलाब्स का निर्माण करने जा रही है। नब्बे के दशक के रोमांस वाली इस सीरीज में अपराध और हास्य गुथा हुआ है। सीरीज मई 2023 में ही देखी जा सकेगी।

जूनियर एनटीआर और आलिया दूसरी बार

आलिया भट्ट अब जूनियर एनटीआर के साथ रोमांस करेंगी। आलिया भट्ट को तेलुगु फिल्म के लिए अनुबंधित कर लिया है। फरवरी में फ्लोर पर जाने वाली इस अनाम फिल्म का निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं। शिवा ने जूनियर की हिट फिल्म जनता गेराज (2016) का निर्देशन किया था। आलिया को दूसरी तेलुगु फिल्म मिलने का किस्सा दिलचस्प है। हालांकि, वह आरआरआर में रामचरण के साथ रोमांस कर रही थी। परन्तु, सेट पर उनकी जूनियर एनटीआर से दोस्ती काफी गहरी हो गई। इसीका नतीजा था कि जूनियर ने अलिया को मना लिया कि वह कोराताला शिवा की फिल्म साइन कर ले।

एकता के शो में कंगना

अपनी फिल्मों पंगा और धाकड़ के शीर्षक को, कंगना रानौत डिजिटल प्लेटफार्म पर सार्वित करती लगती है। वह एकता कपूर के रियलिटी शो को होस्ट करती नजरी आयेंगी। यह रियलिटी शो बिग बॉस की किस्म का रियलिटी शो होगा, जहां 16 प्रतिभागी 8-10 हफ्ते के लिए बंद रहेंगे। यह किसी टीवी चैनल पर नहीं बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म पर स्ट्रीम किया जाएगा। यह एकता कपूर का ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर है। सलमान खान ने बिग बॉस को होस्ट करते समय खुद को बिग बॉस का बादशाह साबित किया था। क्या फिल्मों की क्वीन कंगना रानौत इस चौबीस घंटे के रियलिटी शो में खुद को धाकड़ साबित कर पाएंगी?

■ अ. कां.

कुसुम मिश्रा का चरित्र बहुत प्यारा और जिंदगी के करीब लगा -सुष्मिता

सुष्मिता मुखर्जी जगन्नाथ की पत्नी कुसुम के किरदार में है। सुष्मिता ने बताया-

वापसी का फैसला - मैंने 37 साल पहले 'करमचंद' के साथ टीवी में अपना करियर शुरू किया था तब से मैं अभिनय कर रही हूं। गंगा में अम्माजी की भूमिका निभाने के बाद से टीवी में मुझे कोई चुनौतीपूर्ण रोल नहीं मिल रहा था। इसलिए वृद्ध दंपति , जो खाली घोंसले में रह रहे हैं। कुसुम मिश्रा के चरित्र बहुत प्यारा और जिंदगी के करीब लगा इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

पीढ़ी के अंतराल की संरचना के भीतर, यह अनकही भावनाओं को जाहिर करने का सुंदर प्रयास है, जो अपनी कमियों का सामना करते हैं।

'कुसुम मिश्रा' के बारे में - वो उच्च शिक्षित नहीं है, उसने कम उम्र में सरकारी कर्मचारी से शादी कर ली थी। वो अपनी कठोर सास की देखरेख में संयुक्त परिवार के तौर-तरीकों के अनुसार रहती है। उसे ब्राह्मण परिवार की परंपराओं को आगे बढ़ाना सिखाया जाता है, जिसमें करीब 5 दशक पहले उनका विवाह हुआ था। जिन्होंने परिवार की खातिर अपनी इच्छाओं, लालसाओं और हर तरह के डर को त्याग दिया है।

समानताएं - कुसुम और मेरे बीच मुख्य समानता है कि मैं उसके पति और उसके बच्चों के बीच उसके होने की स्थिति से जुड़ सकती हूं। वो उन्हें समान रूप से प्यार करती है और अक्सर खींचतान में पाती है। यह भारतीय समाज में सामान्य बात है, जहां पारंपरिक महिलाएं रिश्तों को तोड़ने के बजाय हमेशा उन्हें सुधारने, एडजस्ट करने और बनाए रखने की कोशिश करती है।

सह-कलाकार राजेंद्र - मैं राजेंद्र गुप्ता जी को 1985 से जानती हूं, जब वे मुंबई पहुंचे और उनके साथ मेरे पारिवारिक संबंध रहे हैं। वो एनएसडी से मेरे सम्मानित वरिष्ठ रहे हैं और कमाल के निर्देशक और अभिनेता हैं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला।

■ विमला

टीवी

मैंने आमिर से बदला लिया - रवीना टंडन

जी टीवी में रियलिटी शो सारेगामापा 2021 के दौरान रवीना टंडन खास मेहमान बनकर आएंगी। रवीना मंत्रमुग्ध हो गईं। रवीना ने बताया, आमिर और मैं अंदाज अपना अपना के लिए घोड़ा गाड़ी पर शूटिंग कर रहे थे। हम लोग घोड़ा गाड़ी में बैठे थे आमिर मेरे पीछे खड़े थे। उस समय मैं मेकअप करा रही थ। उन्होंने चाय मंगाई और फिर अचानक मैं देखती हूं कि वो गरम चाय का कप उनके हाथ से छूटकर मेरी तरफ गिर रहा है। मैं डर गई फिर पता चला कि वो शरारत थी। 'लेकिन मैं भी कम नहीं थी। मैंने मास्टर सरोज जी से रिक्वेस्ट की कि वो आमिर को मुश्किल स्टेप दें और उन्हें घोड़ा गाड़ी में ही स्टेप की प्रैक्टिस कराएं। आमिर ने वैसा ही किया, जैसा उन्हें बताया गया था, लेकिन तभी उन्होंने देखा कि मैं तो आराम कर रही हूं और सिर्फवो ही प्रैक्टिस कर रहे है।

गौरव ने लाया खुद में बदलाव

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का धारावाहिक पुण्यश्लोक अहिल्याबाई रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अभिनेता गौरव अमलानी अहिल्याबाई के पति खंडेराव की भूमिका निभा रहे हैं। गौरव अमलानी ने कहा, ऐतिहासिक किरदार निभाते समय, हम अपने शारीरिक परिवर्तन को ज्यादा से ज्यादा महत्व दें। जब किरदार के साथ दर्शकों का रिश्ता बन जाता है। मैं स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो करता हूं और पर्सनल ट्रेनर के साथ सप्ताह में कम से कम चार बार एक्सरसाइज करता हूं।

दो नई कहानियां

कलर्स और बालाजी टेलीफिल्म्स दो शोज फैंटेसी फिक्शन 'नागिन' का छठा एडिशन और फिक्शन ड्रामा 'परिणीति' लेकर लौटा है। परिणीति दो बेस्ट फ्रैंड्स परिणीत और नीति की कहानी है। 'नागिन 6' का प्रीमियर 12 फरवरी को रात 8 बजे होगा और 'परिणीति' 14 फरवरी से सोमवार से शुक्रवार रात 10 बजे प्रसारित होगा। इसमें तेजस्वी प्रकाश, सिम्बा नागपाल, सुधा चंद्रन, महक चहल, उर्वशी ढोलकिया और मानित जौरा। एकता कपूर ने कहा, मैं रोमांचित हूं। हमने 'नागिन' का सफर छह साल से ज्यादा समय पहले शुरू किया था!

उड़ाए गोलगप्पे

जी टीवी का शो 'रिश्तों का मांझा'और अर्जुन (कृशाल आहुजा) एवं दीया (आंचल गोस्वामी) सेट पर गोलगप्पों का जमकर मजा लिया और दोनों

मिलकर 12 प्लेट से ज्यादा गोलगप्पे चट कर गए! कृशाल बताते है, आंचल और मैं दोनों ही फूडीज है और हम खुद को रोक नहीं पाते। हमें खाना इतना पसंद है कि लोग हमसे खाना छुपाकर रखते हैं कि कहीं हम खा ना जाएं। उस दिन हमने 12 प्लेट्स गोलगप्पे उड़ा दिए !

'वागले की दुनिया' की वर्षगांठ

सोनी सब के शो 'वागले की दुनिया' ने साल पूरा कर लिया है। कविता कौशिक ने कहा, फैमिली कंटेन्ट है, वह मुझे सचमुच पसंद है। पंकज बेरी ने कहा, जीवन के सभी अनुभव पर्दे पर उकेर दिये गये।! तन्नाज ईरानी ने कहा, बहुत प्रतिस्पर्द्धी दुनिया में, सारे कलाकार बेहतरीन काम कर रहे हैं और खुशी मिलती है। सायंतनी घोष ने कहा, टीम वागले की दुनिया को बधाई! साफ-सुथरा ह्यूमर, फैमिली ड्रामा और जिम्मेदार मनोरंजन देने का वादा सच में निभाया है।

सायकोलॉजिकल थ्रिलर बेस्टसेलर

अमेजन प्राइम वीडियो ने ओरिजिनल सीरीज बेस्टसेलर के ट्रेलर का अनावरण किया। यह इंटेलीजेंट एवं सायकोलॉजिकल थ्रिलर सस्पेंस व ड्रामा का मिश्रण है। सिद्धार्थ मल्होत्रा के अल्केमी प्रोडक्शन एलएलपी द्वारा प्रोड्यूस की गई और मुकुल अभ्यंकर द्वारा निर्देशित बेस्टसेलर में मिथुन चक्रवर्ती, श्रुति हासन, अर्जन बाजवा, गौहर खान, सत्यजीत दुबे और सोनाली कुलकर्णी है। इसका प्रीमियर 18 फरवरी, को दुनिया भर के 240 से अधिक देशों एवं क्षेत्रों में होगा। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, मेरा किरदार अनोखा व्यक्तित्व है। मुझे उसकी तमाम सनकों के साथ यह रोल निभाने में बड़ा मजा आया। मैंने बेहतरीन समय गुजारा है।

स्मार्ट जोड़ी रियलिटी शो लॉन्च



स्टार प्लस लेकर आ रहे है शो, जिसमें अभिनय, नृत्य, क्रिकेट, संगीत और कोरियोग्राफी जैसे विभिन्न क्षेत्रों के सेलिब्रिटी जोड़े साथ आएंगे। इस रियलिटी शो में 12 से 15 जोड़े होंगे। दो जोड़ों के नाम है नील भट्ट और उनकी पत्नी ऐश्वर्या शर्मा साथ ही राहुल महाजन और पत्नी नताल्या इलीना। अब तक कई नामों से संपर्क किया गया है। आयुष्मान खुराना, रितेश देशमुख और मनीष पॉल है। वे पैसे, तारीख और अन्य विवरणों पर काम कर रहे है।

टैलेंट वेंचर्स इंडिया

सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेन्ट और सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेन्ट ने एंटरटेनमेन्ट कंपनी, 'सोनी एंटरटेनमेन्ट टैलेंट वेंचर्स इंडिया' (एसईटीवीआई) के गठन की घोषणा की। यह भारत में मीडिया टैलेंट के लिये वेंचर्स तैयार करने पर केंद्रित है। एसईटीवीआई दोनों कंपनियों की विशेषज्ञता और वैश्विक पहुंच को मिलाकर, निवेश के अवसरों, साझेदारी, मेंटारर्स सॉल्यूशंस और टैलेंट के लिये ज्यादा का निर्माण करने, भारत में कॉमर्शियल टैलेंट और स्टार-पावर के विशाल पूल का लाभ उठा रही है । बॉलीवुड, तमिल ओएसटी और कई सारे जोनर में है, जिसमें राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पॉप भी शामिल है।

मेरी आंखों में आंसू थे- इसमीत

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ड्रामा 'जगन्नाथ और पूर्वी की दोस्ती अनोखी' बुजुर्ग जगन्नाथ मिश्रा और युवा जोशीली लड़की पूर्वी के बीच दोस्ती की कहानी है। बेपरवाह पूर्वी का किरदार इसमीत कोहली निभा रही हैं। इसमीत के साथ चर्चा में -

'पूर्वी' के बारे में - हर कोई कहता है "पूर्वी पागल है" मुझे लगता है कि वो भी प्यारी है। वो हमेशा सच्ची भावनाएं दिखाती है। पूर्वी जानती है कि उसे जीवन का प्यार चाहिए और वो पीछे नहीं हटती। वो रोमांटिक लड़की है और प्यार की ताकत में यकीन रखती है और खुशनुमा जीवन जीने के लिए हरसंभव पहल करेगी। किसी को चोट नहीं पहुंचाना चाहत। जब मुझे कहानी सुनाई जा रही थी, तब भी मेरी आंखों में खुशी के आंसू थे। मैं जो किरदार निभा रही हूं, वो बहुत प्यारा है, इसलिए मेरे पास शो को अस्वीकार करने की कोई वजह नहीं थी।

दिल छूने वाला रिश्ता - वे एक-दूसरे को बहुत कुछ सिखाते हैं। पूर्वी जग्गनाथ की जिंदगी में आती है और वक्त के साथ सबसे खासतौर पर उनकी पत्नी कुसुम से घुल-मिल जाती है। वे एक-दूसरे को अपने खास तरीकों से जिंदगी में आगे बढ़ना सिखाते है। लंबे समय तक प्रतिबद्ध रिश्ते में रहने का क्या मतलब है और बुजुर्ग पीढ़ी एवं युवा पीढ़ी के लिए प्यार के क्या मायने है।

आदतों से जुड़ती है- व्यक्तिगत रूप से उसका बेपरवाह व्यक्तित्व है, जिससे मैं जुड़ती हूं। जब दिल की बात कहने की बात आती है तो हम दोनों ही बिंदास है। मैं पूर्वी को पसंद करती हूं। मुझे लगता है कि वो बहुत भरोसेमंद है। वो बहुत भोली और मासूम है मुझे लगता है कि जैसे-जैसे आप जिंदगी से गुजरते है, वैसे-वैसे यह खूबियां दूर होती चली जाती है।

■ माया

वेलेनटाइन डे स्पेशल

प्रेम

तुम्हारी अंगुली पकड़
सीखा था चलना
सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ा था
उस इमारत में
जहां खुलते थे
एक के बाद एक कई दरवाजे
हर दरवाजे से अंदर आती
सूरज की कोई किरण
पर हर किरण का अलग था
रंग।

उन रोशनियों में
मैने सीखा पढ़ना
जाना था
उस पार भी सूरज
वैसे ही फैलाता है धूप
जैसे इस पार

राजेश

प्रेम
तुमसे ही तो सीखा मैने
नदी कैसे पहाड़ों से इठलाती
उतरती है मैदानों में
उगाती है फसलें
पलती है संस्कृतिया प्रेम।

■

देखता हूं

कितना परेशान कर सकती है
तुम्हारी याद

कुछ किताबे
रख ली है सिरहाने
आंगन में रोप ली है एक बेल
बोगनबेलिया की
जिसमें हैं कुछ फूल
और थोड़े कांटे भी

एक्वारियम में ला के रख ली
एक गोल्ड फिश

एक कैनवास, ईजल
कुछ ब्रुश
और ढेर सारे रंग भी ले आया हूं
रवाजे पर टांग दिया है
एक विंडचैम्

कानों में हेड फोन लगा सुनूगां
हरि प्रसाद जी की बांसुरी

फिर भी
रात चांदनी जब उतरती है
छत की मुंडेर से आंगन में
न जाने कैसे
आ कर खड़ी हो जाती हो
तुम सामने
पसर किताब के पन्नो पर
मुंह चिढ़ा, कहती हो
देखो किताब के हर पृष्ठ पर लिखा है
मेरा ही नाम
और कितनी मिलती हैं
मेरी आंखे
तुम्हारी गोल्ड फिश की आंखों से

■

आखिलेश यादव ने कहा, डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार डबल हुआ

हाथरस। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने रविवार को हाथरस की सिकंदराराऊ विधान सभा में चुनावी सभा कर तीन जनपदों के मतदाताओं को लुभाया। अखिलेश यादव ने कहा कि आपको पहले चरण के चुनाव की हवा का पता चल गया होगा। आपस दूर नहीं है वे जिले जहां वोट पड़े हैं। कहने को हर दल कुछ न कुछ कह रहा है। लेकिन पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश का माहौल बदल गया है। अलीगढ़ के जिले के लोग जानते होंगे। भाजपा का सफाया हो चुका है। झूठ इसलिए बोल रहे हैं कि 5 साल में इन्होंने जो काम करना चाहिए था वह नहीं किया। डबल इंजन की सरकार में एक ही चीज डबल हुई है वह भ्रष्टाचार।

हाथरस में जितने भी छोटे-मोटे कारोबार है। इनके बारे में कहा कि इन तो इतनी फेमस है कि हमारे मुंबई के मित्र ने बताया कई वर्षों से हाथरस की हिना ले रहे हैं। अगर हींग के कारोबार में हमें किसी तरह की मदद लेनी पड़ेगी तो विदेशों में भी इनका कारोबार होगा। आज अगर जनता पर किसी पर भरोसा है तो साइकिल चुनाव चीन का भरोसा है। यहां पर बहुत दिनों से सिकंदराराऊ में सीट नहीं निकली है। जितने

भी कारखाने हैं हाथरस में, चाहे वह हींग के हों, दाल के हों, इनके विकास के लिए विस्तार के लिए सपा सरकार मदद करेगी। जनता को सपा पर भरोसा है। सिकंदराराऊ वालों बताओ हम क्या करें जो सीट निकल जाए। नौजवान साथी यहां का भविष्य खराब कर रही है बीजेपी। इनकी हर बात झूठी निकली है। यह तो कह रहे थे बुलेट ट्रेन लाएंगे। कहां है बुलेट ट्रेन। बीजेपी वालों ने जुमले सुनाए अच्छे दिन वाले। मैं पिछली बार आया था इसी मंच पर नोट बंदी के बारे में कहा। यह रुपया काला सफेद नहीं होता हमारा तुम्हारा लेनदेन सफेद होता है।

नोटबंदी के बाद भ्रष्टाचार खत्म हो गया कि नहीं हो गया। वहीं भ्रष्टाचार दोगुना हो गया।100 नंबर का इंतजाम किया था। इन्होंने 112 कर दी तब से पुलिस कबाड़ा हो गई। उत्तर प्रदेश में महामारी आई समाजवादी पार्टी ने सबसे ज्यादा मदद की। बहुत दिनों से यहां से सपा की सीट नहीं निकली है। कितनी वार यहां अपील कराओगे। आप बताओ क्या करें कि यहां से सीट निकल जाए। भाजपा भविष्य खराब कर रही है। जुमला झूठा निकला? हर बात झूठी निकली। बुलेट ट्रेन लाने की बात कही थी, कहां है बुलेट ट्रेन? अच्छे दिन कहां हैं? पहले आया था तब कहा था मैंने कि रुपया काला नहीं होता। क्या नोटबंदी से भ्रष्टाचार खत्म हो गया। भ्रष्टाचार दो गुना हो गया। बाबा ने सौ नंबर को एक सौ बारह किया तब से हमारी पुलिस कबाड़ा हो गई। कोरोना के समय अगर कोई मदद के लिए सामने आई तो वह एंबुलेंस आई। वही एंबुलेंस जो समाजवादी ने चलाई। इन्हें चलाने वालों की समस्याओं का निदान भी समाजवादी सरकार करेगी। कानून व्यवस्था को लेकर कहा।जहां समाजवादी का मानना है कि जहां सो नंबर को बढ़ाना पड़ेगा तो बढाया जाएगा।

पति पर दहेज उत्पीड़न का दर्ज कराया मुकदमा, नहीं हुई गिरफ्तारी तो जान देने हाईवे पर लेट गई महिला

बरेली। पीलीभीत के पूरनपुर में पति पर दर्ज कराए गए मुकदमे में गिरफ्तारी न होने का आरोप लगाते हुए महिला बच्चे को लेकर हाईवे पर जान देने को लेट गई। इससे वाहनों की लाइन लग गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने काफी देर तक महिला को समझाया। काफी समझाने के बाद महिला हाईवे से हटी। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना चल रही है। महिला मुकदमा दर्ज कराने के बाद भी साथ रहने की जिद कर रही है। पूरनपुर नगर के मुहल्ला गणेशगंज निवासी सुमित सचदेवा की पत्नी पूनम सिंह ने पति पर दहेज के लिए परेशान करने और घर से निकालने का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला पिछले कई माह से अपने बच्चों के साथ नगर के एक गुरुद्वारे में रह रही है। शनिवार की देर रात महिला बच्चे को लेकर पूरनपुर नगर के सिरसा चौराहे पर जान देने को लेट गई। महिला का आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है। पुलिस

उनसे मिल चुकी है। महिला काफी देर तक वहां हंगामा करती रही। इससे वाहनों की लाइन लग गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को काफी समझाया। इसके बाद वह पति के साथ रहने की जिद कर रही है जबकि वह मुकदमा भी दर्ज करा चुकी है। उन्होंने बताया महिला के ससुराल और मायके पक्ष के लोगों को बुलाया है। दोनों से वार्ता की जाएगी।

रायबरेली में अमर्यादित पोस्टर पर अदिति सिंह का प्रियंका पर तंज, बोलीं- कांग्रेस खत्म होने की कगार पर

रायबरेली। सोशल मीडिया पर सदर विधायक का अमर्यादित पोस्टर वायरल करने का मामला तूल पकड़ रहा है। खुद विधायक ने सामने आकर कांग्रेस और संबंधित मीडिया संस्थान को आड़े हाथों लिया। साथ ही कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही। विधायक अदिति सिंह सदर सीट से भाजपा की उम्मीदवार हैं। एक फिल्मी पोस्टर को एडिट करके उसमें अदिति की फोट लगाकर अभद्र टिप्पणी की गई। मीडिया संस्थान ने इसे सोशल मीडिया पर साझा भी किया। पोस्टर वायरल होते ही अदिति के पक्ष में लोग लामबंद होने लगे और इस कृत्य की निंदा करने लगे। रविवार को अदिति ने प्रेस वार्ता की और कहा कि इस तरह की ओछी राजनीति कांग्रेस को नहीं करनी चाहिए। मैं मीडिया संस्थान पर कार्रवाई करुंगी। सोशल मीडिया से पोस्ट डिलीट करने से क्या होता है। जिन्होंने ये कृत्य किया है, वे जनता में माफी मांगें। कांग्रेस पर हमलावर अदिति बोलीं, विनाश काले विपरीत बुद्धि। दूसरों को नुकसान पहुंचाने के चक्कर में कांग्रेस अपना नुकसान कर रही है। किसी भी महिला के लिए गंदी विचारधारा का प्रकाशन करना कहां की नैतिकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था है। जनता के बीच साफ सुथरे तरीके से अपने विचार रखने चाहिए। कांग्रेस पार्टी खत्म होने की कगार पर पहुंच चुकी है। विरोधी जान रहे हैं कि यूपी में सारी सीटें हार रहे हैं। प्रियंका वाड्रा गांधी पर निशाना साधते हुए वह बोलीं कि लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाले इस तरह लड़कियों को बदनाम करके लड़ेंगे। शमिंदा करके लड़ेंगे। अगर करनी है तो विचारों की राजनीति करिए। राजैनतिक स्तर न गिराइए। मीडिया हाउस और कांग्रेस को ऐसा नहीं करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में घटाया गया कोरोना नाइट कर्फ्यू का समय सोमवार से पूरी क्षमता से कार्यालय खोलने का निर्देश

लखनऊ। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण की तीसरी लहर पर अपेक्षित नियंत्रण के बाद उत्तर प्रदेश सरकार चरणवार बंदिशों को कम कर रही है। सरकार ने सोमवार से सभी स्कूलों को खोलने के निर्देश देने के अलावा सभी कार्यालयों को पूरी क्षमता के साथ खोलने के साथ नाइट कर्फ्यू का समय भी घटा दिया है।

उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने रविवार को प्रदेश में कोरोना नाइट कर्फ्यू का समय घटाने की जानकारी दी। प्रदेश में अब कोरोना नाइट कर्फ्यू का समय रात 11 बजे से सुबह छह बजे तक रहेगा। पहले कोरोना नाइट कर्फ्यू का समय रात दस बजे से सुबह सात बजे तक था। प्रदेश में कोरोना संक्रमण का असर कम होते देख शासन ने यह फैसला भी लिया है। इससे पहले शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के घटते मामलों को देखते हुए सोमवार से प्रदेश में पूरी क्षमता से सभी कार्यालय खोलने का निर्देश जारी किया गया था। कोरोना के मामलों

में आई कमी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने स्कूलों के साथ ही जिम व रेस्तरां समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर लगे प्रतिबंध में भी छूट देने का निर्णय किया है। इसके साथ ही सरकारी व निजी कार्यालयों में भी पूर्व की भांति पूरी उपस्थिति के साथ काम होगा। प्रदेश में 14 फरवरी से स्कूलों के अलावा जिम, रेस्तरां फूड प्वाइंट, सिनेमा हाल, सरकारी व निजी कार्यालय अपनी पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने 14 फरवरी से 100 प्रतिशत कर्मियों की उपस्थिति के साथ कार्यालय खुलने का आदेश जारी कर दिया है। साथ ही कोरोना संक्रमण की रोकथाम के दृष्टिगत कार्यालयों में भीड़भाड़ न होने की अपेक्षा की गई है। मुख्य सचिव ने सभी कार्यालयों में सेनेटाइजर, मास्क, शारीरिक दूरी व सुरक्षा उपायों का पूरा ध्यान रखे जाने का निर्देश दिया है। शासन से अधीनस्थ कार्यालयों, स्थानीय निकायों व निगमों में भी ऐसी ही व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

मेरठ में दो युवकों की हत्या, सड़क किनारे मिले शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

मेरठ। मेरठ के मोदीपुरम रोटा थाना क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। दिलावरा-जैनपुर मार्ग पर दो युवकों का शव बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। करीब सौ सौ मीटर की दूरी पर दोनों शव पड़े हुए थे। कंट्रोल रूम की सूचना पर पुलिस अफसरों के भी होश उड़ गए। आनन-फानन में एसएसपी एसपी देहात सीओ सरधना समेत कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर रवाना हुई। अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया। दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। जिसके बाद पुलिस अफसरों ने शव को मोर्चरी पहुंचा दिए। वहीं इस प्रकरण में रोहटा थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। दरअसल रविवार सुबह राहगीरों ने रोहटा थाना क्षेत्र के दिलावरा-जैनपुर मार्ग पर सड़क किनारे करीब सौ-सौ मीटर की दूरी पर दो शव पड़े हुए देखे थे। सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। जिसे सुनकर पुलिस अफसरों के होश उड़ गए। तत्काल एसएसपी प्रभाकर चौधरी, एसपी देहात केशव कुमार समेत सीओ सरधना इंस्पेक्टर रोहटा, इंस्पेक्टर कंकरखेड़ा समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों के कपड़ों की तलाशी ली, मगर कोई भी ऐसी चीज नहीं मिल सकी जिससे उनकी पहचान हो सके। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि दोनों युवकों की हत्या गला दबाकर की गई है। पुलिस ने दोनों शव मोर्चरी पहुंचा दिए। वहीं पुलिस ने आसपास के लोगों से भी शवों की पहचान को कहा, जिन्होंने पहचानने से इंकार कर दिया।

पश्चिमी यूपी में भाजपा को हराने के लिए एक हो गए जाट-मुसलमान

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव में 80 बनाम 20 का नारा दिया था। उनके इस बयान पर एक 40 वर्षीय किराना व्यापारी मोहम्मद शमीन कहते हैं कि मेरठ में '60-40" की लड़ाई है। उनका दवा है कि मेरठ के सभी मुसलमान, जो शहर की आबादी का लगभग 40% हैं, समाजवादी पार्टी-राष्ट्रीय लोक दल गठबंधन को वोट देंगे। भाजपा के पास यहां कोई मौका नहीं है। मेरठ में बीजेपी ने अपने युवा नेता कमल दत्त शर्मा को मौका दिया है, जिनका मुकाबला सपा के मौजूदा विधायक रफीक अंसारी से है। मेरठ जिले में सात विधानसभा क्षेत्र हैं। मेरठ, मेरठ छावनी, मेरठ दक्षिण, सिवलखास, सरधना, हस्तिनापुर और किठौर में पहले चरण के मतदान में 10 फरवरी को वोटिंग हुई थी। यूपी चुनाव के पहले चरण में कुल मिलाकर 60.1 फीसदी मतदान हुआ। पश्चिमी यूपी में पुरानी वफादारी के खिलाफ नए राजनीतिक गठजोड़ देखने को मिल रहे हैं।

प्रचार थमने के बाद घर-घर दस्तक दे रहे प्रत्याशी दूसरे चरण की 55 सीटों के लिए मतदान कल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पहले चरण में 62.08 प्रतिशत मतदान होने के बाद दूसरे चरण में नौ जिलों के प्रत्याशी घर-घर संपर्क कर इसको बढ़ाने के प्रयास में लगे हैं। चुनाव में दूसरे चरण के लिए शनिवार को शाम छह बजे से प्रचार थमने के बाद रविवार सुबह से प्रत्याशी घर-घर जाकर दस्तक दे रहे हैं। सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान होगा। जिसमें पांच मंत्रियों सहित 586 प्रत्याशी की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए दूसरे चरण का मतदान सोमवार को होगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश तथा रुहेलखंड के नौ जिलों की 55 सीटों पर उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला वोटिंग मशीन में

कैद हो जाएगा। यहां भी जातीय समीकरण पश्चिम के पहले चरण के क्षेत्रों की तरह भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण माने जाते हैं, लेकिन पिछले चुनाव में भाजपा ने लहर में अच्छी जीत हासिल की थी।दूसरे चरण में दो करोड़ से अधिक मतदाता वोटिंग में भाग लेंगे। दूसरे चरण में सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, अमरोहा, बदायूं, बरेली व शाहजहांपुर में मतदान होना है। वर्ष 2017 के चुनाव में इन 55 सीटों में 38 भाजपा, 15 सपा व दो कांग्रेस के पास थीं। चुनाव आयोग निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं कोरोना से बचाव के तरीके अपनाते हुए मतदान कराने की तैयारी में जुटा हुआ है। आयोग ने नौ जिलों के डीएम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर चुनाव तैयारियां की विस्तृत जानकारी ली। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. ब्रह्मदेव राम तिवारी ने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गईं हैं। शनिवार शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। इस चरण का मतदान 14 फरवरी की सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की सुविधा और कोविड से सुरक्षा की विशेष व्यवस्था कराई गई है।

मेरठ में पति ने पत्नी की कर दी हत्या

मेरठ। पत्नी की हत्या कर पति फरार हो गया। सुबह जब विवाहिता का बड़ा बेटा पहुंचा तो मामले की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का ताला तोड़कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फरार पति की तलाश की जा रही है। उसने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया है। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के उज्जवल गार्डन निवासी गुलिस्ता ने 10 साल पहले शराफत से दूसरी शादी की थी। महिला के बच्चे क्षेत्र में ही अलग मकान में रहते हैं। रविवार सुबह महिला का बड़ा बेटा तालिब उससे मिलने के लिए आया था। मेन गेट खोल जब वह अंदर गया तो कमरे का ताला लगा हुआ था। उसने खिड़की में से झांक कर देखा तो महिला फर्श पर पड़ी थी। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गेट का ताला तोड़ा। महिला की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्वजन ने बताया कि मकान गुलिस्ता के नाम था।

अनुप्रिया पटेल बोलीं, यूपी में फिर आ रही भाजपा सरकार, खुलेंगे रोजगार के रास्ते

रामपुर। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार फिर वापसी कर रही है जो कार्य होने से छूट गए हैं, उन्हें सरकार बनने के बाद पूरा कराया जाएगा। विकास कार्य होने से ही तरक्की, खुशहाली और समृद्धि के नए रास्ते भी खुलेंगे। यह बात उन्होंने स्वार सीट से पार्टी प्रत्याशी हैदर अली खान उर्फ हमजा मियां के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। शनिवार को काशीपुर मार्ग स्थित कर्बला मैदान में हैलीकाप्टर से वह अपने निर्धारित समय से करीब साढ़े तीन घंटा विलंब से ढाई बजे पहुंची। अनुप्रिया पटेल ने प्रत्याशी हमजा मियां तथा उनके परिवार की जमकर तारीफ तारीफ की। कहा कि सरकार के आने पर वह क्षेत्र का विकास कराएंगे। स्वार में सड़कें तथा नए कारखानों को बनवाया जाएगा, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते भी खुलेंगे। यह तब होगा जब हमजा मियां जैसे होनहार व शिक्षित लोग जीतकर विधान सभा पहुंचेंगे। कहा कि रामपुर गंगा जमनी तहजीब ओर भाई चारे की मिसाल के लिए जाना जाता है। यहां पहुंचकर इसे देख भी लिया। नवाबी दौर में

बना लालपुर पुल टूटने के बाद लोगों को काफी दिक्कत उठानी पड़ी। टांडा के लोगों को रामपुर जाने के लिए वाया स्वार से होकर जाना पड़ा। सरकार आने पर पुल को बनवाया जाएगा। इसके लिए 14 फरवरी को हमजा मियां को वोट देने की अपील की। इससे पहले प्रत्याशी हमजा मियां ने भी लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। इससे पहले समर्थकों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पुलिस फोर्स के साथ कोतवाली प्रभारी टांडा गौरव सिंह मौजूद रहे। वहीं एसडीएम टांडा राजेश तिवारी ने हैलीपेड स्थल पर मौजूद रहे। सभा में राज्य मंत्री रेखा पटेल, प्रदेश महासचिव विजय शर्मा, जिला महासचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट, पूर्व जिलापंचायत सदस्य हाजी जुल्फिकार हुसैन, मसवासी नगर पंचायत चेयरमैन हरिओम मौर्य, भाजपा विधान सभा प्रभारी महेश मौर्य, रोहताश चौहान, राजकुमार सिंह, अंकुश चौधरी ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। संचालन जिलाध्यक्ष चौधरीधनवीर सिंह शान्धु तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी जुल्फिकार हुसैन ने किया।

चुनाव में व्यवधान उत्पन्न किया तो होगी कड़ी कार्रवाई- जिलाधिकारी

मऊ। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सजग एवं बेहद गंभीर है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के साथ विधानसभा क्षेत्र घोसी स्थित कई अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। पूर्व में हुए पंचायत चुनाव में इन बूथों पर गड़बड़ी की शिकायत पाई गई

डीएम व एसपी ने अतिसंवेदनशील बूथों का लिया जायजा

थी। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा जूनियर हाई स्कूल भिखारीपुर स्थित बूथो का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। पूर्व के चुनाव में स्थानीय लोगों से हुई गड़बड़ियों की जानकारी लेते हुए वहां पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने विधानसभा चुनाव में अधिक सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए। वहां पर उपस्थित बीएलओ से निर्वाचन के तैयारियों के संबंध में पूछे गए सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं देने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई। इसके

उपरांत जिलाधिकारी द्वारा कम्पोजिट विद्यालय रसूलपुर एवं कम्पोजिट विद्यालय बेलभद्रपुर में स्थित बूथो का निरीक्षण किया गया एवं मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। शांतानंद स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज अमिला स्थित बूथो के निरीक्षण के दौरान वहां पर बिजली व्यवस्था ठीक नही होने एवं चार्जिंग पॉइंट की व्यवस्था नहीं होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित प्रधानाचार्य को इसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बूथों पर पानी, रैम्प, शौचालय के साथ विशेष तौर पर बिजली की व्यवस्था एवं चार्जिंग प्वाइंट को लेकर जिलाधिकारी गंभीर दिखे, साथ ही वहां पर उपस्थित स्थानीय लोगो के माध्यम से चुनाव में ब्यवधान उत्पन्न करने वालों को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी कि चुनाव में गड़बड़ी करने वालो के खिलाफ इस बार कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी घोसी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली घोसी, जिला सूचना अधिकारी डा. धनपाल सिंह उपस्थित रहे।

अज्ञात हिन्दू महिला का देवाश्रम ने किया अन्तिम संस्कार

मऊ। थाना जीआरपी मऊ द्वारा एक हिन्दू महिला का पोस्टमार्टम कराकर अन्तिम संस्कार हेतु देवाश्रम को शुक्रवार को सौंपा गया। इस अज्ञात हिन्दू महिला की लावारिस शव यात्रा लाश घर से देवाश्रम के जिला सलाहकार डा. आशुतोष राय के नेतृत्व में प्रारम्भ होकर सर्वेश्वरी मुक्ति धाम ढेकुलिया घाट पहुंची जहां अपरान्ह देवाश्रम के प्रबन्ध निदेशक व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मऊ के जिलाध्यक्ष पीएन सिंह द्वारा पूरे विधि विधान से शव को मुखाग्नि दी गई। अन्तिम संस्कार का सम्पूर्ण खर्च परदहां मऊ निवासी भरत सिंह द्वारा वहन किया गया। इस दौरान नमो नारायण सिंह, डा. आशुतोष राय, राम नाथ राम, दया राम यादव, सुनील सिंह, मालक यादव, कल्पनाथ, जितेंद्र, बादशाह व घाट संरक्षक लाल चन्द सम्मिलित रहे। अज्ञात शव का अस्थि कलश देवाश्रम के पास संरक्षित रहेगा जिसे ज्ञात होने पर संबंधित परिजनों को निःशुल्क सौंप दिया जायेगा।

हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हेतु निकली कलश यात्रा

मधुबन, मऊ। तहसील क्षेत्र अंतर्गत जवाहिरपुर गांव में वर्षों से निर्मित पड़े हनुमान मंदिर में आज शनिवार को प्राण-प्रतिष्ठा हेतु कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। बताया जा रहा है कि यह मंदिर बहुत दिनों पहले से निर्मित है। जिसमें मूर्ति स्थापित किया जा रहा है। यहां तीन दिनों तक अनुष्ठान चलेगा। प्रथम दिवस 12 फरवरी कलश यात्रा,मण्डप प्रवेश, द्वितीय दिवस 13 फरवरी पंचांग पूजन वेदी पूजन तृतीय दिवस 14 फरवरी प्रांण प्रतिष्ठा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस तीन दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक उक्त कार्यक्रम में कलश यात्रा के साथ मण्डप प्रवेश के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने बड़े श्रद्धा भाव के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कर्मकांडी अशोक कुमार पाण्डेय, पं. मिथिलेश तिवारी व भास्कर पांडेय ने कलश पूजन के साथ मंडप प्रवेश कराए। इस हनुमान मंदिर परिसर से निकाली गई कलश यात्रा जवाहिरपुर ग्राम सभा घुमाते हुए हसनपुर चंदापार होते हुए अवधूतेश्वर मंदिर इब्राहिमपट्टी पहुंची जहां वैदिक मंत्रों के साथ 51 कलशों में जल भरा गया। पुनः वापसी कर मंदिर परिसर से अगले रविवार को होने वाले कार्यक्रम जैसे पंचांग पूजन एवं वेदी पूजन की घोषणा की गई।उक्त अवसर पर योगी रामगोविंद यादव, रामानंद प्रजापति, रामप्रवेश, रामविजय, विकासचंद यादव, मनोज यादव, चंद्रमा सहित अनेकों श्रद्धलुगण उपस्थित रहे।

ईशान आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे भारतीय

आईपीएलः मुंबई इंडियन ने 15 करोड़ 25 लाख में खरीदा, इस नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी

बेंगलुरु (एजेंसी)। पहले दिन की नीलामी खत्म में शनिवार को कुल 97 खिलाड़ियों पर बोली लगी। इसमें से 10 टीमों ने मिलकर 74 खिलाड़ियों को खरीदा। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को मुंबई इंडियस ने 15 करोड़ 25 लाख रुपए की रिकॉर्ड बोली लगा कर अपने टीम में शामिल किया। ईशान किशन इस तरह से आईपीएल ऑक्शन के इतिहास के दूसरे सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

आईपीएल ऑक्शन के इतिहास में सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी अभी भी युवराज सिंह ही हैं। युवराज सिंह को 2015 में दिल्ली कैपिटल्स ने 16 करोड़ रुपए में खरीदा था। वहीं, दीपक चाहर दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 14 करोड़ रुपए में खरीदा। श्रेयस अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 12.25 करोड़ रुपए में खरीदा। आईपीएल 2022 नीलामी के पहले दिन मुंबई इंडियंस खिलाड़ियों को खरीदने के मामले में बाकी टीमों से सुस्त दिखी। पहले दिन मुंबई ने ईशान किशन, डेवाल्ड ब्रेविस, मुर्गन अश्विन और बेसिल थंपी के रूप में चार खिलाड़ी खरीदे। मुंबई इंडियंस के पास रोहित, पोलार्ड, बुमराह और सूर्यकुमार को मिलाकर अभी तक 8 खिलाड़ी ही हुए हैं। सीएसके ने नीलामी के दौरान अपने उन्हीं खिलाड़ियों को टारगेट किया जिन्हें उन्होंने हाल ही में रिलीज किया था। पहले दिन उन्होंने ड्वेन ब्रावो समेत दीपक चाहर, अंबाती रायुडू, रॉबिन उथप्पा को खरीदा। राजस्थान रॉयल्स की टीम सबसे समझदारी से अपने पैसे खर्च करते हुए दिखाई दी। शिमरोन हेटमायर, रियान पराग, आर अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा और केसी करियप्पा को अपनी टीम में शामिल किया। राजस्थान रॉयल्स में जहां अश्विन और बटलर एक साथ खेलते दिखाई देंगे, वहीं क्रुणाल पांड्या और दीपक हुड्डा लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए खेलेंगे। पिछले आईपीएल के सितारों में से एक हर्षल पटेल वापस उसी टीम में वापस चले गए, जिसका वह हिस्सा थे, रॉयल चैलेंजर्स ने उन्हें 10.75 करोड़ रूपए देकर खरीदा। उनके लिए सुपर किंग्स और सनराइजर्स ने भी काफी देर तक बोली लगाई। आरसीबी ने हर्षल पटेल के अलावा वानिन्दू हसरंगा को 10.75 करोड़ में खरीदा। पंजाब किंग्स के पर्स में सबसे ज्यादा पैसे थे। इसका फायदा उठाते हुए उनकी टीम ने मार्की खिलाड़ियों की नीलामी में जम कर बोली लगाई। पहले उन्होंने शिखर धवन को 8 करोड़ देकर खरीदा और उसके बाद रबाडा को उन्होंने 9.25 करोड़ की राशि देकर खरीदा।

मुख्य तथ्य

- **श्रीलंका के हसरंगा की लगी लॉटरीः** श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा शुरुआती दौर में विदेशी खिलाड़ियों में सबसे महंगे रहे। उन्होंने 10.75 करोड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने खरीदा।
- **इनको नहीं मिला खरीददार :** शुरुआती दौर में सुरेश रैना, उमेश यादव, अमित मिश्रा, ऋद्धिमान साहा, स्टीव स्मिथ और शाकिब अल हसन आदि को खरीदने में टीमों ने दिलचस्पी नहीं ली। हालांकि बाद में इन्हें टीमें ले सकती हैं।
- **इनकी घट गई कीमतः** ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (केकेआर)15.50 करोड़ से 7.25 करोड़ में आ गए। मनीष पांडे पहले हैदराबाद में 11 करोड़ के थे अब लखनऊ ने 4.60 करोड़ में खरीदा। डेविड वार्नर 12.50 करोड़ रुपये में हैदराबाद में थे, अब 6.25 करोड़ में दिल्ली ने खरीदा। कुलदीप यादव पहले 5.8 करोड़ में केकेआर में थे जिन्हें अब दो करोड़ रुपये में दिल्ली ने खरीदा है।
- **तीन सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ीः** ईशान किशन (15.25 करोड़, मुंबई इंडियंस), दीपक चाहर (14 करोड़ चेन्नई सुपरकिंग्स), श्रेयस अय्यर (12.25 करोड़, केकेआर)
- **तीन सबसे महंगे विदेशीः** वानिंदु हसरंगा (10.75 करोड़ आरसीबी), निकोलस पूरन (10.75 करोड़, हैदराबाद), लोकी फर्ग्युसन (10 करोड़ गुजरात टाइटंस)

मप्र के आवेश खान सबसे महंगे बिकने वाले अनकैप्ड प्लेयर

इंदौर (आरएनएन)। इंदौर के तेज गेंदबाज आवेश खान पर आईपीएल ऑक्शन में बंपर लॉटरी लगी है। 20 लाख बेस प्राइस वाले आवेश खान को आईपीएल की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ जायट्स ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा है। इसके साथ ही आवेश खान आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे बिकने वाले अनकैप्ड प्लेयर बन गए हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड केसी करियप्पा के नाम था, गत सत्र में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाद आवेश के लिए चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई ने भी बोली लगाई थी। गत सत्र में दिल्ली से खेलने वाले आवेश की सैलरी 75 लाख थी। आवेश खान अब तक के मध्यप्रदेश के सबसे महंगे खिलाड़ी भी बन गए है। वैंकटेश अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 8 करोड़ में रिटेन किया है। वे फिलहाल भारतीय टीम के साथ है। पिछले सीजन में वह दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे। उन्होंने 2021 में जबर्दस्त बॉलिंग की थी और 16 मुकाबलों में खेलते हुए 24 विकेट झटके थे। आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने कुल 25 मैच खेले हैं और 29 विकेट अपने नाम किए हैं।

आवेश के अलावा अन्य अनकैप्ड खिलाड़ी पर भी वर्षा धन

शाहरुख खानः 9 करोड़, **राहुल तेवतियाः** 9 करोड़, **राहुल त्रिपाठीः** 8.50 करोड़, **शिवम मावीः** 7.25 करोड़, **अभिषेक शर्माः** 6.50 करोड़, **रियान परागः** 3.80 करोड़, **डेवॉल्ड ब्रेविसः** 3 करोड़, **अभिनव मनोहरः** 2.60 करोड़ ।

बेहोश होकर गिरे नीलामकर्ता एडमीड्स, चारू शर्मा ने संभाली जिम्मेदारी

नीलामी के दौरान बेहोश हुए ऑक्शनर ह्यूग एडमीड्स आईपीएल नीलामी के दौरान उस समय हर कोई हैरान रह गया जब ऑक्शनर ह्यूग एडमीड्स बेहोश हो गए। हसरंगा की नीलामी के दौरान एडमीड्स अचानक जमीन पर गिर गए जिसके बाद नीलामी को बीच में ही रोकना पड़ा। ह्यूग एडमीड्स का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से चारू शर्मा ने नीलामी का कार्यभार संभाला। काफी लंबे अरसे बाद चारू शर्मा की टीवी पर वापसी हुई। चारू शर्मा 2008 आईपीएल के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ट्वेंटी 20 क्रिकेट टीम के सीईओ थे, लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नीलामी के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने दीपक चाहर, चेन्नई ने खरीदा

चेन्नई ने दिन की दूसरी सबसे महंगी बोली लगा कर दीपक चाहर को खरीदा। चेन्नई टीम ने 14 करोड़ की बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया है। चाहर ने ऑक्शन में खुद को 2 करोड़ के बेस प्राइज में रखा था। पिछले सीजन में भी चाहर चेन्नई के लिए खेले थे। चाहर सीएसके के सबसे बड़े मैच विनर में से एक रहे हैं। शुरुआती ओवरों में विकेट हासिल करने की क्षमता के साथ-साथ चाहर एक बेहतरीन उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। हालांकि पिछले सीजन के बाद टीम ने उन्हें रीलीज कर दिया। 2021 सीजन में 15 मैच खेलकर 14 विकेट हासिल किया था। वहीं चाहर के आईपीएल करिअर की बात करें तो उन्होंने इस लीग में कुल 63 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 29.18 की औसत से 59 विकेट हासिल किया है। इस दौरान उनका इकॉनमी 7.80 का रहा।

आईपीएल 2022 नीलामी सूची

खिलाड़ी	देश	टीम	कितने में बिके
शिखर धवन	भारत	पंजाब	8.25 करोड़
आर. अश्विन	भारत	राजस्थान	5 करोड़
पैट कमिंस	ऑस्ट्रेलिया	केकेआर	7.25 करोड़
रबाडा	द. अफ्रीका	पंजाब	9.25 करोड़
ट्रेंट बोल्ट	न्यूजीलैंड	राजस्थान	8 करोड़
श्रेयस अय्यर	भारत	केकेआर	12.25 करोड़
मोहम्मद शमी	भारत	गुजरात	6.25 करोड़
फाफ डु प्लेसिस	द. अफ्रीका	आरसीबी	7 करोड़
क्विंटन डि कॉक	द.अफ्रीका	लखनऊ	6.75 करोड़
डेविड वॉर्नर	ऑस्ट्रेलिया	दिल्ली	6.25 करोड़
मनीष पांडे	भारत	लखनऊ	4.6 करोड़
शिमरॉन हेटमायर	वेस्टइंडीज	राजस्थान	8.5 करोड़
रॉबिन उथप्पा	भारत	चेन्नई	2 करोड़
जेसन रॉय	इंग्लैंड	गुजरात	2 करोड़
देवदत पडिक्कल	भारत	राजस्थान	7.75 करोड़
ड्वेन ब्रावो	वेस्टइंडीज	चेन्नई	4.4 करोड़
नीतीश राणा	भारत	केकेआर	8 करोड़
जेसन होल्डर	वेस्टइंडीज	लखनऊ	8.75 करोड़
हर्षल पटेल	भारत	आरसीबी	10.75 करोड़
दीपक हूडा	भारत	लखनऊ	5.75 करोड़
वानिंदु हसरंगा	श्रीलंका	आरसीबी	0.75 करोड़
वॉशिंगटन सुंदर	भारत	सनराइजर्स	8.75 करोड़
कृणाल पंड्या	भारत	लखनऊ	8.25 करोड़
मिशेल मार्श	ऑस्ट्रेलिया	दिल्ली	6.5 करोड़
अंबाती रायुडू	भारत	चेन्नई	6.75 करोड़
ईशान किशन	भारत	मुंबई	15.25 करोड़
जॉनी बेयरस्टो	इंग्लैंड	पंजाब	6.75 करोड़
दिनेश कार्तिक	भारत	आरसीबी	5.50 करोड़
निकोलस पूरन	वेस्टइंडीज	सनराइजर्स	10.75 करोड़
टी. नटराजन	भारत	सनराइजर्स	4 करोड़
दीपक चाहर	भारत	चेन्नई	14 करोड़
प्रसिद्ध कृष्णा	भारत	राजस्थान	10 करोड़
लॉकी फर्ग्युसन	न्यूजीलैंड	गुजरात	10 करोड़
जोश हेजलवुड	ऑस्ट्रेलिया	आरसीबी	7.75 करोड़
मार्क वुड	इंग्लैंड	लखनऊ	7.50 करोड़
भुवनेश्वर कुमार	भारत	सनराइजर्स	4.20 करोड़
शार्दुल ठाकुर	भारत	दिल्ली	10.75 करोड़
मुस्ताफिजुर रहमान	बांग्लादेश	दिल्ली	2 करोड़
कुलदीप यादव	भारत	दिल्ली	2 करोड़
राहुल चाहर	भारत	पंजाब	5.25 करोड़
युजवेंद्र चहल	भारत	राजस्थान	6.50 करोड़
प्रियम गर्ग	भारत	सनराइजर्स	20 लाख
अभिनव सदरानगनी	भारत	गुजरात	2.60 करोड़
डेवाल्ड ब्रेविस	द. अफ्रीका	मुंबई	3 करोड़
राहुल त्रिपाठी	भारत	सनराइजर्स	8.50 करोड़
रियान पराग	भारत	राजस्थान	3.80 करोड़
अभिषेक शर्मा	भारत	सनराइजर्स	6.50 करोड़
सरफराज खान	भारत	दिल्ली	20 लाख
शाहरुख खान	भारत	पंजाब	9 करोड़
शिवम मावी	भारत	केकेआर	7.25 करोड़
राहुल तेवतिया	भारत	गुजरात	9 करोड़
कमलेश नागरकोटि	भारत	दिल्ली	1.10 करोड़
हरप्रीत बरार	भारत	पंजाब	3.80 करोड़
शाहबाज अहमद	भारत	आरसीबी	2.40 करोड़
केएस भरत	भारत	दिल्ली	2 करोड़
कार्तिक त्यागी	भारत	सनराइजर्स	4 करोड़
आवेश खान	भारत	लखनऊ	10.0 करोड़
मुर्गन अश्विन	भारत	मुंबई	1.60 करोड़
श्रेयस गोपाल	भारत	सनराइजर्स	75 लाख
आर. साई किशोर	भारत	गुजरात	3 करोड़

पीकेएल-8ः दिल्ली ने थलाइवाज को एक अंक से हराया

अंक तालिका में दूसरे स्थान पर स्थिति मजबूत की

बेंगलुरु । दबंग दिल्ली केसी ने अंतिम रेड तक चले एक और रोमांचक मुकाबले में तमिल थलाइवाज को एक अंक से हराकर वीवो प्रो कबड्डी लीग की (पीकेएल) अंक तालिका में दूसरे स्थान पर खुद को मजबूत कर लिया है। दिल्ली ने शनिवार को सीजन के 110वें मैच में थलाइवाज को 32-31 से हराया। इस जीत के साथ दिल्ली ने प्लेऑफ की ओर एक मजबूत कदम बढ़ा लिया है।यह इस सीजन में दिल्ली की 19 मैचों में 10वीं जीत है। दूसरी ओर, थलाइवाज को इतने ही मैचों में 8 बार हार मिली है। दिल्ली की जीत में नवीन एक्सप्रेस (13) की अहम भूमिका रही। दूसरी ओर , थलाइवाज के लिए मंजीत ने सुपर-10 लगाया और डिफेंस में हिमांशु ने हाई-5 पूरा किया लेकिन वे अपनी टीम को प्लेऑफ में जाने के लिहाज से काफी अहम इस मुकाबले मे जीत नहीं दिला सके।

मुम्बा ने बंगाल को हराया, छठे स्थान पर पहुंचे

कप्तान फजल अतराचली (8 अंक) के नेतृत्व में अपने डिफेंस के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यू मुम्बा ने शनिवार को खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 111वें मैच में मौजूदा चैम्पियन बंगाल वॉरियर्स को 37-27 से हरा दिया। इस जीत के साथ मुम्बा अंक तालिका में दो स्थान की छलांग के साथ छठे क्रम पर पहुंच गई है। मुम्बा को सीजन की सातवीं जीत दिलाने में उसके डिफेंस का अहम योगदान रहा, जिसने कुल 16 अंक लिए। इसमें रिंकू के भी 5 अंक शामिल हैं। रेड में मुम्बा के लिए वी अजीत कुमार ने 9 और अभिषेक सिंह ने 8 अंक लिए। बंगाल के मनिंदर सिंह को मुम्बा के डिफेंस ने 8 बार लपका। बंगाल की टीम को सीजन की 10वीं हार मिली है।

भारतीय टेबल टेनिस संघ का निलंबन

प्रशासक की होगी नियुक्ति

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के संचालन के लिए प्रशासक की नियुक्ति का निर्देश देते हुए कहा कि खेल संस्था की खेदजनक स्थिति को देखते हुए उसका इससे विश्वास उठ गया है।

राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित मनिका बत्रा की याचिका पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा कि इस खिलाड़ी द्वारा लगाए गए मैच फिक्सिंग के आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट से पता चलता है कि टीटीएफआई अपने अधिकारियों के हितों का बचाव करता है और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के बजाय, टीटीएफआई उन्हें अपनी शर्तों पर चलाना चाहता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई)के संचालन के लिए प्रशासक की नियुक्ति का निर्देश दिया। जस्टिस रेखा पल्ली ने राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और खेल रत्न से सम्मानित मनिका बत्रा की याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि मामले में गठित तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट से यह पता चलता है कि टीटीएफआई खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की जगह अपने अधिकारियों के हितों की ज्यादा ध्यान रखती है। अदालत ने कहा कि देश अपने खिलाड़ियों पर नाज करता है और जिन अधिकारियों को यह नहीं पता कि खिलाड़ियों से कैसे व्यवहार किया जाए, उन्हें बाहर होना ही चाहिए। प्रशासक की नियुक्ति और उससे जुड़े अन्य विवरण अदालत के आदेश में दिए जाएंगे।

कोच पर फिक्सिंग का आरोप

एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में चयन से बाहर रहीं मनिका बत्रा ने पिछले साल मामले में अदालत गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप राय ने उनकी एक प्रशिक्षु के खिलाफ ओलंपिक क्वालिफायर मुकाबला गंवाने के लिए उन पर दबाव बनाया था। रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया टीटीएफआई दोषी है और राष्ट्रीय कोच की नियुक्त हितों का टकराव है। जांच होना जरूरी है। आपका कोच एक निजी अकादमी चला रहा है और खिलाड़ी को मैच हारने के लिए कह रहा है। यह हो क्या रहा है। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सालिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि यदि आगे और जांच के लिए स्वंतत्र समिति के गठन की जरूरत है तो सरकार को इस बात पर कोई आपत्ति नहीं है। अदालत ने कहा कि अभी तो वह केवल टीटीएफआई के संचालन के लिए एक प्रशासक की नियुक्ति कर रही है।

अय्यर और कमिंस कप्तान के रूप में अच्छे विकल्प : केकेआर

बेंगलुरु। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सीईओ वेंकी मैसूर ने शनिवार को कहा कि फ्रेंचाइजी के पास कप्तानी के लिए श्रेयस अय्यर और पैट कमिंस के रूप में दो अच्छे विकल्प हैं।मैसूर ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह पूछे जाने पर कि क्या श्रेयस केकेआर के कप्तान होंगे, कहा, कप्तानी पर फैसला कोच और विशेषज्ञ करेंगे। हमें नीलामी की गतिविधियों को पचाने की जरूरत है। कमिंस और श्रेयस के साथ आपके पास कप्तानी के लिए दो सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। उल्लेखनीय है केकेआर ने आज यहां आईपीएल की मेगा नीलामी में श्रेयस अय्यर को 12.25 करोड़, जबकि पैट कमिंस को 7.25 करोड़ रुपए में खरीदा है। मैसूर ने कहा, फ्रेंचाइजी कमिंस को 7.25 करोड़ रुपए में फिर से खरीदकर खुश है, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि उनके लिए अधिक बोली लगाई जाएगी। श्रेयस एक बेहतरीन भारतीय बल्लेबाज हैं, इसलिए यह शानदार है और हम बहुत उत्साहित हैं।

पीएसएल: लाहौर कलंदर्स ने मुल्तान सुल्तांस को हराया

लाहौर। लाहौर कलंदर्स ने मुल्तान सुल्तांस का छह मैचों में जीत का सिलसिला तोड़ते हुए शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग में उसे 52 रन से हराया। जमान खान, हारिस रऊफ और कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने मिलकर छह विकेट लिये जिससे मुल्तान की टीम 19.3 ओवर में 130 रन पर आउट हो गई। लाहौर ने पहले चार विकेट पर 182 रन बनाये थे। फखर जमां ने 60 रन बनाए और इस सत्र में 400 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। मुल्तान के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे । सोहेब मकसूद ने सर्वाधिक 29 रन बनाये जबकि मोहम्मद रिजवान ने 20 रन जोड़े । दोनों ने 44 रन की साझेदारी की जो मुल्तान के लिये सबसे बड़ी साझेदारी थी। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट चटकाये।

सूजी बेट्स के शतक से जीतीं न्यूजीलैंड की महिलाएं

भारतीय महिला टीम को 62 रनों से हराया

क्वींसटाउन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले वनडे मैच में 62 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा। कप्तान मिताली राज ने हाफसेंचुरी जड़ी, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें ज्यादा साथ नहीं मिला और टीम को सीरीज में 0-1 से पीछे होना पड़ा। न्यूजीलैंड की ओर से सूजी बेट्स ने शानदार सेंचुरी जड़ी, जबकि गेंदबाजी में जेस केर ने चार विकेट झटके।

पहले बल्लेबाजी का फैसला लेने वाली न्यूजीलैंड टीम के लिए बेट्स ने 111 गेंद में 106 रन बनाए जिसकी मदद से मेजबान ने 275 रन का स्कोर बनाया। जवाब में भारतीय टीम 49.4 ओवर में 213 रन पर आउट हो गई। अपना 221वां वनडे खेल रहीं 39 साल की मिताली ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए पिछली 11 पारियों में सातवां अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 73 गेंद में छह चौकों की मदद से 59 रन बनाए। भारतीय महिला टीम ने पिछले वनडे में सितंबर 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य 265 रन को हासिल करके जीत दर्ज की थी। उस जीत के साथ भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया का 26 मैचों का जीत का सिलसिला भी तोड़ा था। भारत ने आखिरी पांच विकेट 25 रन के भीतर लेकर मेजबान को 48.1 ओवर में 275 रन पर रोक दिया। सूजी को 14 के स्कोर पर जीवनदान भी मिला जब पूजा वस्त्राकर की गेंद पर राजेश्वरी गायकवाड़ ने प्वाइंट में उनका कैच छोड़ा। इसका पूरा फायदा उठाकर सूजी ने 111 गेंद में 10 चौकों की मदद से 106 रन बनाए।

मिताली ने की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी

मिताली ने वनडे क्रिकेट में चार अलग अलग टीमों आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ एक-एक हजार रन पूरे करने के साथ ही चार्लोट एडवर्ड्स के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ महिला वनडे में एक हजार रन पूरे करने वाली वह पहली भारतीय क्रिकेटर हो गई। यस्तिका भाटिया ने उनका बखूबी साथ दिया तो तीसरे नंबर पर उतरी। उन्होंने 63 गेंद में 41 रन बनाए और दोनों ने 88 रन की साझेदारी की। हेली जेनसेन की शॉर्ट गेंद पर हालांकि वह अपना विकेट गंवा बैठीं। इसके बाद कोई भारतीय बल्लेबाज टिक नहीं सकीं। जेस केर ने 35 रन देकर चार विकेट लिए। भारत को हरमनप्रीत कौर के खराब फॉर्म का खामियाजा भी भुगतना पड़ रहा है।

हॉकी इंडिया ने जूनियर राष्ट्रीय शिविर के लिये 65 खिलाड़ी चुने

बेंगलुरू। हॉकी इंडिया ने भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र पर 14 से 25 फरवरी तक चलने वाले आगामी जूनियर पुरूष राष्ट्रीय शिविर के लिये 65 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा कर दी। खिलाड़ियों का चयन भुवनेश्वर में हुए पिछले जूनियर विश्व कप और हॉकी इंडिया के अन्य घरेलू टूनार्मेंटों में प्रदर्शन के आधार पर किया गया। शिविर से 33 खिलाड़ियों के कोर समूह का चयन किया जायेगा जो 2022 में विभिन्न टूनार्मेंटों में भारतीय जूनियर टीम के लिये खेलेंगे। भारत के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा ,ह्यह्यइस शिविर प्रतिभाओं को तलाशने के लिये काफी अहम होगा। हम आगामी प्रतियोगिताओं के लिये तैयार होना चाहते हैं।

एडीए ने सील किया दो अनाधिकृत निर्माणाधीन मकान

आजमगढ़। तमसा नदी के प्रतिबंधित हरितपट्टी और विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। अवैध निर्माण के विरुद्ध

प्रभावी कार्रवाई को लेकर डीएम अमृत त्रिपाठी के सख्त निर्देश के अनुपालन में एडीए (आजमगढ़ विकास प्राधिकरण) की तंद्रा टूटी और सिधारी थाना क्षेत्र के डुगडुगवा व बबुआन मोहल्ला में हो रहे अवैध निर्माण को सील कर पुलिस की निगरानी में दे दिया गया।

एडीए सचिव बैजनाथ ने बताया कि विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए डुगडुगवा में हरिनंदन यादव मकान का निर्माण करा रहे थे। लोवर और अपर ग्राउंड फ्लोर पर अनाधिकृत निर्माण हो रहा था। जबकि सिधारी थाना क्षेत्र के बबुआन मोहल्ला में नौशाबा खातून पत्नी नौशाद अख्तर ने एकल आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराया था, लेकिन उसके विपरीत बिना सेट बैक छोड़े भूतल, प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल का निर्माण कराया जा रहा था, जिसे सील कर दिया गया। एडीए सचिव ने बताया कि अनाधिकृत निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

ट्रैक्टर ट्राली के धक्के से विवाहित समेत दो घायल

बलरामपुर (आजमगढ़)। शहर कोतवाली क्षेत्र के करीमुद्दीनपुर बाजार में शुक्रवार की शाम ट्रैक्टर ट्राली के धक्के से विवाहिता समेत दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। उधर मौका मिलते ही ट्रैक्टर चालक वाहन सहित फरार हो गया। लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मऊ के मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी नीतू (19) पत्नी मुकेश दिन में शहर कोतवाली क्षेत्र के करीमुद्दीनपुर गांव निवासी चचेरी बहन बब्ली (14) पुत्री स्व. संतोष के घर आई थी। शाम को दोनों साइकिल से बाजार जा रही थीं कि सामने से आ रही तेज ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गईं। शनिवार को आपातकालीन कक्ष में तैनात डाक्टर राघवेंद्र सिंह ने नीतू की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

मुख्तार अंसारी को टक्कर देगें अशोक सिंह

मऊ। बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। पार्टी ने अशोक सिंह को उम्मीदवार बनाया है। शनिवार को भाजपा द्वारा जारी लिस्ट में मऊ सदर से भाजपा ने अशोक सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। अशोक सिंह उसी ठेकेदार मन्ना सिंह के भाई हैं, जिनकी हत्या करने का मुख्तार पर आरोप लगा था। यह अलग बात थी कि साक्ष्य के अभाव में मुख्तार अंसारी उस हत्याकांड में बाइज्जत बरी हो चुके हैं। अब भाजपा प्रत्याशी होने के बाद दोनो दुश्मनो के बीच लड़ाई रोचक हो गई है।

हल्की मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, मोबाइल व तमंचा बरामद

आजमगढ़। मेंहनगर पुलिस ने शुक्रवार की रात को हटवा तिराहे के पास से हल्की मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल, तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। नौ फरवरी को बदमाशों ने अमित मद्धेशिया निवासी बछवल से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय को सूचना मिली कि बछवल तालाब के पास से बाइक सवार दो बदमाश मेंहनगर की तरफ बाइक से हटवा तिराहे से वाले सड़क से बछवल की तरफ आने वाल है। इस पर पुलिस ने हटवा तिराहे के पास वाहन चेकिग करने लगी है। कुछ देर में मेहनगर की तरफ से बाइक आती पुलिसकर्मियों के रोकने पर पीछे बैठा युवक फायर कर दिया। जिसमें पुलिस बाल-बाल बच गयी। इतने में बाइक फिसल कर पलट गई। पुलिस कर्मियों ने विशाल यादव निवासी बछवल व परबिन्द यादव निवासी इनवल को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तलाशी में बदमाशों के पास से दो तमंचा, दो कारतूस, खोखा व छीनी गई मोबाइल बरामद हुई। इनके पास मिली बाइक जांच में लूट की है।

विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बलरामपुर (आजमगढ़)। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के खास बेगपुर गांव में शुक्रवार की शाम विवाहिता की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने दहेज में रुपये न देने पर जान से मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंबेडकर नगर जिले के कटका थाना क्षेत्र के बंदीपुर मुडेहरा गांव निवासी श्रीकांत ने फरवरी 2018 को अपनी पुत्री पूजा (23) की शादी कप्तानगंज थाना क्षेत्र के खास बेगपुर गांव निवासी रामजीत के पुत्र हरिश्चंद्र निषाद से की थी। मर्चरी हाउस पहुंचे चाचा मुकेश और भाई सोनू ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए जान से मारने का अरोप लगाते हुए बताया कि शादी के कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था।

संक्षिप्त खबरें

चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर किस्म का चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे ।मिली जानकारी के अनुसार दिवाकर यादव पुत्र कन्हैया यादव निवासी अहरौरा खास डीह हाल पता मलाही टोला कस्बा अहरौरा पूर्व में भी चोरी एवं अवैध रूप से शराब के साथ जेल जा चुका है सोनभद्र से चोरी हुई मोटरसाइकिल के साथ छेड़छाड़ कर उसके इंजन को अपनी मोटरसाइकिल में लगा कर घूम रहा था पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चुनार चौराहे पर उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया आरोपी दिवाकर वाहन समेत कहीं भागने की फिराक में था पुलिस ने उसकी निशानदेही से मलाही टोला उसके नाना के घर पर छुपा कर रखे गए चोरी की मोटरसाइकिल जिसका इंजन उस ने बदलकर अपनी मोटरसाइकिल में लगा लिया उसे बरामद कर लिया संबंधित धाराओं में आरोपी युवक को पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिल समेत जेल भेज दिया।

निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा चलाया गया मतदान जागरुकता अभियान

प्रखर संतकबीरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला सचिव स्काउट गाइड, रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में संतकबीरनगर के स्काउट गाइड ने सभी नागरिकों को मतदान के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के स्काउट ने आज खलीलाबाद शहर के एवं आसपास के गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया गया।रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में दल नायक सूरज यादव आर्यन राय एवं अमित राय के साथ हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के स्काउट रविवार को सर्वप्रथम विद्यालय में आए हुए राधा स्वामी सत्संग के सत्संगीयों को मतदान के लिए प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में आर्यन राय, सूरज यादव,अभिषेक यादव,अमित राय,विजय कुमार,अभिषेक यादव,इंदल प्रजापति बृजेश कुमार , सत्यम शर्मा,नितेश मौर्य,आलोक मौर्य सहित दर्जनों स्काउट और गाइड ने अपना योगदान दिया।

पेयजल नलकूप से जलापूर्ति ठप, ग्रामीण आक्रोशित

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के थानारामपुर स्थित पेयजल नलकुप के स्टार्टर खराब हो जाने के कारण रविवार को पूरे दिन आपूर्ति बाधित रही। जिससे हजारों की आबादी शुद्ध पेयजल के लिए परेशानी रहे। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश दिखा। बताते हैं कि जर्जर अवस्था मे पहुच चुके उक्त पेयजल नलकूप कभी स्टार्टर तो कभी मोटर की खराबी के चलते बन्द हो जाता है। रविवार को भी स्टार्टर खराब हो जाने पूरे दिन आपूर्ति ठप रही। जिससे ग्रामीणों ने जलनिगम विभाग के अधिकारियों के अकर्णयमता व अदूरदर्शिता पर आक्रोश जताया और चेतावनी दी कि यदि अबिलम्ब जलापूर्ति नही शुरू नही हुई तो धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

शराब की दुकान में चोरी, चोरों ने हजारों के माल किये हाथ साफ

प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत मोड़ेला बाजार स्थित बराईछा के पास अंग्रेजी शराब ठेके की दुकान पर बीती रात चोरों ने हजारो के माल पर हाथ साफ कर चम्पत हो गये।गौरतलब हो कि सेल्समैन दिलीप गुप्ता रोज की भांति दुकान बंद कर दुकान के ही बगल के रूम में सोने चले गए। रोज की भांति सुबह दुकान खोलकर देखा तो छत की पटिया टूटा देख पैरो तलो से जमीन खिसक गई। पीड़ित ने बताया कि चोर छत के सहारे दुकान में दाखिल होकर लगभग 26 हजार रुपए कैश सहित महंगी शराब को लेकर चोर चम्पत हो जिसकी कुल कीमत लगभग एक लाख के करीब बताई जा रही है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुँच पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देश पर छुट्टा गोवंश को पकड़ कर भेजा गया नगर पालिका गौशाला

प्रखर जौनपुर। मुफ्तीगंज क्षेत्र के आसपास के इलाकों में छुट्टा गोवंश जो कि खेतों को नुकसान कर रहे थे रोड पर यातायात को भी बाधित कर रहे थे जिसकी जानकारी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी रामकृपाल द्विवेदी को हुई जिसकी सूचना उन्होंने ने मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला को दिया गया मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका जौनपुर से पशु बंदी वाहन को मंगा कर 13 छुट्टा गोवंश को नगर पालिका जौनपुर के लिए भेजा गया।

मुफ्तीगंज के मंडल में महिला मोर्चा की टीम ने ली गांव गांव बैठक

प्रखर जौनपुर। मुफ्तीगंज ब्लाक के अंतर्गत केराकत विधानसभा 372 के प्रत्याशी दिनेश चौधरी के लिए गांव गांव जाकर चुनाव प्रचार कर रही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा की नेत्री एससी एसटी आयोग की सदस्य अनीता सिद्धार्थ व महिला मोर्चा की जिलाउपाध्यक्ष सोनिया गिरी व महिला मोर्चा की टीम छोटी-छोटी बैठक लेकर घर जा जाकर जनसंपर्क किया गया और भारतीय जनता पार्टी के सफलताओं को बताया गया।

बाइक के धक्के से सब्जी विक्रेता की गई जान

बलरामपुर (आजमगढ़)। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बनकट बाजार में शुक्रवार की रात बाइक के धक्के से सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। चकअमरौला गांव निवासी रामसूरत मौर्य (56) बनकट बाजार में सब्जी बेचकर परिवार की जीविका चलाते थे। प्रतिदिन की तरह रात को दुकान बंद कर पैदल ही घर लौट रहे थे कि बाजार में ही सामने से आ रही तेज गति बाइक ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और लोगों ने भाग रहे बाइक सवार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल को लेकर लोग जिला अस्पताल पहुंचे जहां आपातकालीन कक्ष में तैनात डाक्टर एके शाह ने मृत घोषित कर दिया।

वीआईपी पार्टी प्रत्याशी के बेटे की पिटाई, रूपए छीनने का आरोप

प्रखर केराकत जौनपुर। विकासशील इंसान पार्टी के प्रत्याशी पप्पू भारती के बेटे और भतीजे की बदमाशों ने रविवार को पिटाई कर

दी और पैसे छीन लिए। घायलों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली थाना में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

पप्पू भारती का बेटा विवेक दोपहर को अपने चचेरे भाई अनिल के साथ बाइक से 25 हजार रूपए लेकर किसी रिश्तेदार को देने जा रहा था। आरोप है कि वह ज्यों ही हुरहुरी गांव में योगेश्वर मंदिर के पास पहुंचा था कि एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया और पिटाई कर रूपए छीन लिए। विवेक के मुताबिक बदमाशों ने हिदायत दी कि अपने बाप से कहना कि वह चुनाव न लड़े नहीं तो हत्या कर दूंगा। घटना से घबराए युवकों ने अपने पिता को सूचना दी और उनके सलाह पर कोतवाली जाकर अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्रके चौकियां गांव निवासी पप्पू भारती विकासशील इंसान पार्टी से केराकत विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार हैं। उनको इसके पहले भी फोन पर धमकी मिल चुकी है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

भदवां में अजगरा भाजपा प्रत्याशी त्रिभुवन राम ने जनसंपर्क किया

प्रखर दांनगंज वाराणसी। भदवा में अजगरा बीजेपी प्रत्याशी त्रिभुवन राम जी ने पूर्व ग्राम प्रधान अरविंद चौबे के द्वार पर जन चौपाल लगाकर जनता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यों का प्रशंसा करते हुए जनता को संबोधित किए सेक्टर संयोजक अरविंद चौबे के घर पर कन्या के जन्मदिन पर बधाई दिए और भोजपुरी सिंगर सुनील चौबे (बबलू चौबे) ने सोहर गीत गाते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया त्रिभुवन राम ने पिछली बार विधानसभा चुनाव जितने के बाद भी राज्य में सरकार ना होने की वजह से विकास नहीं कर पाए उन्होंने कहा कि इस बार भी डबल इंजन की सरकार बनेगी और हम अजगरा विधानसभा में इस डबल इंजन की सरकार का भरपूर लाभ उठाते हुए अजगरा विधानसभा के जनता को यह उम्मीद दिलाते हुए कि पूरी निष्ठा से जनता को संतुष्ट करेंगे भदावँ और मोहनदास पुर के बीच बीच में वहां की जनता ने एक पीपा पुल का मांग किया ग्राम सभा भदवा एक ऐसा गांव है जिसकी तीनो तरफ गोमती नदी है और वहां से केवल एक तरफ ही

निकास है दक्षिण की तरफ यहां कोई लिंक मार्ग न होने की वजह से कई गांव का निकास दक्षिण की तरफ है यहां की जनता का कहना है कि हम लोगों को लिंक मार्ग से जुड़ा जाए और नदी पर पुल बनाया जाए हम लोगों को जौनपुर जाने के लिए 18 से 20 किलोमीटर का दूरी तय करना पड़ता है इसके लिए गांव वाले अपने सांसद डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे से भी यह उम्मीद लगाए बैठे थे और उन को ज्ञापन भी सौंपा गया था की भदवा गांव और मोहनदासपुर गांव के बीच में एक पुल का निर्माण कराया जाए जिससे यहां की जनता को सहूलियत मिल सके त्रिभुवन राम ने यह आश्वासन दिया कि हम विधानसभा चुनाव जीतने के बाद इस पर एक बार जरूर प्रयास करेंगे मुख्य रूप से वहां पर मौजू अजगरा विधानसभा के मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह जी प्रवासी अशोक जी चोलापुर मीडिया प्रभारी राहुल चौबे सेक्टर संयोजक अरविंद चौबे श्री हनुमत इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक राजेंद्र सिंह जी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनय सिंह जी अभिनव चौबे जी महेंद्र कुमार चौबे स्वतंत्र चौबे बदमाश एक्टर के बूथ अध्यक्ष, संतोष सिंह ,रितेश सिंह, राहुल चौबे ,रमेश गिरी, सुनील कुमार चौबे, त्रिलोकी सिंह, निकाय प्रकोष्ठ आयर मंडल संयोजक पंकज पांडे वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेंद्र पांडे ग्रामवासी मौजूद रहे।

सगड़ी विधानसभा के कोआर्डिनेटर बने कांग्रेस नेता अनिल कुमार राय

मऊ। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष विनय कुमार गौतम, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हंस नाथ तिवारी, सुरेश बहादुर सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनिल जयसवाल, शीला भारती कांग्रेस जनों द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार और बबलू राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सगड़ी विधानसभा का कोआर्डिनेटर बनाए जाने पर उनका फूल मालाओं से कांग्रेस जनों ने भव्य स्वागत किया तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रियंका गांधी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन प्रभारी दिनेश सिंह का आभार प्रकट किया। कार्यकताओं ने कहा कि अनिल कुमार राय और बबलू कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं एवं मऊ जनपद के कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वह संगठन प्रभारी रहे हैं निश्चिती सगड़ी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी होने वाले विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक प्रदर्शन करेगी उनके मनोहर जगह जगह का अंग्रेजों ने उनका स्वागत किया। जिसमें प्रमुख रुप से जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अवनीश सिंह, रवि प्रकाश, गोपाल, राजू सिंह, सुभाष राम, विनोद सिंह, रामचंद्र पहलवान आदि लोग उपस्थित थे।

खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा, नाली का पानी रोड पर बहाने को ग्रामीण मजबूर

मधुबन, मऊ। तहसील क्षेत्र के काठतरांव में नाली होने के बावजूद भी लोग खड़ंजा पर पानी बहने को मजबूर हैं। जिससे ग्रामीणो के आने जाने मे भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गाँव के कुछ लोगों का कहना है। अगर इसी तरह से रास्ते में जलभराव और कीचड़ बना रहा तो किसी न किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। गांव में बीमारी फैलने की आशंका जताई जा रही है। ग्राम प्रधान का कहना है कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा खलिहान के जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है जिससे नाली का पानी जाम होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों द्वारा करने के बाद आज शुक्रवार को लेखपाल द्वारा गाटा संख्या 137/138 में पैमाईश कर बताया गया की रिपोर्ट लगा कर नाले के पानी की निकासी का व्यवस्था किया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा बताया गया की फारूक अहमद के घर से गांव के बाहर पोखरी तक जाने वाली नाली में जो पानी जमा है उसके निकासी की व्यवस्था कर दिया जाए तो 30 घरों का पानी जो खड़ंजा पे बह रहा है उनके लिए संजीवनी साबित होगी।

समाजसेवा के निपुण एवं निर्भय पुरोधा रहे अलगू राय

अमिला, मऊ। देवल दुवार्सा दत्तात्रेय की गरिमामयी धरती के उत्तरांचल में स्थित सरस सलिल सरयू नदी के निकट बसी अमिला की माटी साहित्य, कला, राजनीति एवं समाज सेवा के निपुण एवं निर्भय पुरोधा पंडित अलगू राय शास्त्री को जन्म देकर धन्य हुई। पूरे परिवार का स्वतन्त्रता आंदोलन के प्रति अपार समर्पण एवं धार्मिक विचारों वाली माता कमलपत्ती व साधु प्रवृति के परिश्रमी किसान द्वारिका राय के घर 29 जनवरी 1900 को अमिला (कोट) में जन्मे इस बालक पर माँ बाप एवं परिवार की स्पष्ट छाप थी। प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत राष्ट्रीय भावनाओं से प्रेरित होकर काशी विद्यापीठ में दाखिला ले देश के स्वतन्त्रता आन्दोलनो में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री लाल बहादुर शास्त्री, त्रिभुवन नारायण सिंह, डा. वीवी केसकर आदि उनके सन्निकट मित्र एवं सहपाठी रहे। 1920 में



आजादी की लड़ाई हेतु चलाये जा रहे असहयोग आंदोलन में भाग ले प्रथम जेल यात्रा कर अनेकों बार स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी के रूप में भाग लेते रहे। स्वतंत्रता आंदोलनों में अनेको बार जेल गये। स्वतन्त्रता के उपरांत प्रथम आम चुनाव में घोसी लोकसभा से प्रथम सांसद हुए। अनेक पदों को सुशोभित करते हुए संविधान सभा के सदस्य के रूप में आपने हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने में विशेष योगदान किया। अाप का संविधान सभा में 35 मिनट का वाचन राष्ट्र भाषा के लिये विशेष महत्व रखता है। कांग्रेस संगठन को सबल बनाने के साथ साथ समाज सेवा के क्षेत्र में हरिजनों उद्धार का कार्य कुमार आश्रम में रहकर गुरुकुल डोरलीकी स्थापना, लाला लाजपतराय द्वारा स्थापित लोक सेवक मण्डल के आजीवन सदस्य रह बहुमुल्य सेवा प्रदान किया। मैं आर्य समाजी पहले हू और कांग्रेसी बाद में इस बात को परिलक्षित करता था कि आपकी आर्य समाज के प्रति अटूट निष्ठा थी। राजनीति में समाजवाद के प्रबल पोषक, अच्छे विचारक एवं भाषा शैली के मर्मज्ञ बाहरी आडम्बरों से दूर रहकर अपना जीवन गरीबी एवं सादगी में बिताते हुए जीवन में पत्नी एवं पुत्र वियोग झेल आजीवन संघर्ष करते हुए 12 फरवरी 1967 में इस प्रकाशपुंज नक्षत्र का निधन हो गया। जो आज के नेताओं को प्रेरणा और सत्यपथ प्रदान कर सकते है।

समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी संगठन की समीक्षा बैठक चंदौली जिला कार्यालय पर संपन्न

प्रखर वाराणसी। समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की संगठन समीक्षा बैठक चंदौली स्थित जिला कार्यालय पर संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर मौजूद रहे । बाबा साहब अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई । अध्यक्षता अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुमित कुमार विक्की ने किया । अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय महासचिव सत्यप्रकाश सोनकर ने कहा यह डबल इंजन की सरकार आम जनता का केवल दोहन कर रही है । ना अपराध पर अंकुश लगा पा रही है ना बेरोजगारी दूर कर पा रही है महंगाई अपने चरम पर है और भ्रष्टाचार नई सरकार में शिष्टाचार का रूप ले लिया है । आने वाले चुनाव में आम जनता ने परिवर्तन का मन बनाया है । समाजवादी सरकार बनने के साथ ही आमजन को सो लेते मिलनी शुरू हो जाएंगी। युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने कहा जब नौजवान अपनी शिक्षा पूरी करके नौकरी की चाह रखता है तब पेपर लीक हो जाते हैं । नौकरी मांगने पर लाठी और मुकदमे दिए जाते हैं । प्रदेश में सत्ता पोषित अपराधियों का बोलबाला है ।

समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव आर के प्रसाद और राष्ट्रीय सचिव निरंजन कन्नौजिया ने कहा दलित शोषित वंचित समाज का भला केवल समाजवादी सरकार ही कर सकती है । इस सरकार ने तो संविधान को ही खत्म करने का कुचक्र रचा है । समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के प्रदेश उपाध्याय महेन्द्र राव और राष्ट्रीय सचिव त्रिलोकी पासवान ने कहा यह देश और प्रदेश संविधान से चलेगा । गांधी , लोहिया , अम्बेडकर जी के विचार से देश आगे बढ़ेगा लेकिन गोडसे वादियों ने केवल संघ की विचारधारा को लागू कर लोगों में भय पैदा किया है। बाबा साहब वाहिनी प्रदेश सचिव गायिका नीलम बीयार और ने कहा उत्तर प्रदेश में बदलाव की बयार चल रही हैं । हर चरण के मतदान में लोगों में सत्ता के प्रति गुस्सा ही परिवर्तन का कारण बन रहा हैं। जिलाध्यक्ष सुमित कुमार विक्की ने कहा प्रदेश में केवल धार्मिक ,जातीय आधार पर लोगों में द्वेष पैदा कर सत्ता पाने वालों की अब विदाई का वक्त आ गया है । समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों की चुनाव में भूमिका भी तय की गई जिम्मेदारी दी गई । समीक्षा बैठक में प्रमुख रूप से सत्यप्रकाश सोनकर , वरुण सिंह , आरके प्रसाद , सुमित कुमार विक्की , संजय यादव , महेंद्र राव , निरंजन कन्नौजिया , त्रिलोकी पासवान , नीलम बियार ,प्रेमचंद भारती , गुल्लू गौतम , गुप्तेश्वर बिंद , अरविंद कुमार डिसिल , शमशेर चौधरी , मुराहू महात्मा , गुप्तनाथ , रामविलास , रीता देवी चिरई , राम पूजन राम , दिलीप कुमार , विभूति नारायण, पप्पू गौतम , घनश्याम , प्रदीप भारती , रविंद्र , अजीत कुमार , राम अवतार राम , आशीष कुमार , केशव प्रसाद , लालता प्रसाद , मनोज कुमार भारती ,सहित सैकड़ों समाजवादी मौजूद रहे । संचालन जिला महासचिव प्रेमचंद भारती और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष गुल्लू गौतम ने किया ।

चेकिंग के दौरान लाखों की मात्रा में कैश जप्त

प्रखर कछवाँरोड वाराणसी। वाराणसी आगामी विधानसभा चुनाव को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस एसएसटी, एफ एस टी , के साथ लगातार चैकिंग कर रही है ताकि अवैध हथियार, शराब व अन्य प्रतिवंधित व चुनाव को प्रभावित करने के लिए सामान आदि की तस्करी को रोका जा सके। इसी क्रम में रविवार को मजिस्ट्रेट (सीपीओ)शशि यादव के नेतृत्व में एफ एस टी टीम और थाने के पुलिस का संयुक्त चेकिंग अभियान भैसा बॉर्डर पर चल रहा था। चेकिंग करते समय मिजार्पुर की तरफ से आती अल्टो कार को चेक किया गया तो उसमें से उन्हें 225000 रुपए नगद बरामद हुआ नगद से संबंधित कागजात न दिखा पाने के चलते पुलिस ने सारा कैश जब्त कर लिया। वहीं बीते शनिवार को भी एसएसटी टीम ने 325135 रूपए बहेड़वा के पास मोटरसाइकिल से बरामद किया था स्पष्ट कारण न मिलने से पुलिस ने कैश को सीज कर दिया था। थाना प्रभारी एसबी सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार विधानसभा चुनाव में आचार संहिता के दौरान कोई भी व्यक्ति 50 हजार रुपए से ज्यादा की कैश अपने साथ नहीं ले जा सकता. यदि कोई 50 हजार से 'ज्यादा की कैश लेकर जा रहा है और जांच में पकड़ में आ गया तो उसे राशि का स्त्रोत बताना होगा स्त्रोत नहीं बताने पर प्रशासन रुपए को जब्त कर लेगा। और यह कैश इन्ही क्रम में सीज हुआ है।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ व कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन वाराणसी में आपसी समझौता ज्ञापन पत्र पर हुई सहमति

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ व जनपद कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन वाराणसी में आपसी समझौता ज्ञापन पत्र पर सहमति पूर्ण हुई ज्ञात हो कि पिछले वर्ष सितम्बर 2021 में ही वाराणसी जनपद में कयाकिंग एवं कैनोइंग (वॉटर स्पोर्ट्स) के जिला खेल संघ की स्थापना हुई थी जिसका प्रशिक्षण डोमरी घाट, पड़ाव, वाराणसी पर नियमित रूप से चल रहा है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सचिन मिश्र ने बताया कि, हमारे यह जिला खेल संघ ने इस जनपद के प्रख्यात विश्वविद्यालय काशी विद्यापीठ के साथ आपसी समझौता किया है कि 2022 से कयाकिंग एवं कैनोइंग खेल का प्रशिक्षण इस विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों हेतु अंतर विश्वविद्यालय खेल / अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल तथा अंतराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेलों के मद्देनजर रखते हुए यह एसोसिएशन विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगी। ताकि अगले वर्ष से विभिन्न कालेजों/महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के खिलाड़ी उक्त खेल इवेंट्स के साथ साथ राष्ट्रीय /अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। एसोसिएशन कि सचिव श्रीमती स्वेता दूबे ने बताया कि यह समझौता 12 फरवरी को काशी विद्यापीठ के स्पोर्ट्स काउंसिल में विद्यापीठ के खेल



सचिव श्री पीताम्बर दास जी के सरंक्षण में एक आधिकारिक मीटिंग में सम्पन्न हुई। जिसमें खेल प्रभारी-दिनेश सिंह व उपसचिव सुमित राय, कोषाध्यक्ष- अरविन्द तिवारी इत्यादि लोग मौजुद रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भरोसा दिलाया कि वाराणसी में इस वॉटर स्पोर्ट्स-कयाकिंग व कैनोइंग के विकास हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व सरकारी नियमानुसार प्रत्येक स्तर पर एसोसिएशन को मदद की जाएगी। वही एसोसिएशन के संरक्षक श्री सोहनलाल जी व उपाध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर कपूर ने बताया कि, इससे विद्यापीठ के महिला व पुरुष खिलाड़ी काफी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि हम महिला खिलाड़ियों के लिए बहुत ही मामूली शुल्क रखा है ताकि वास्तविक महिला सशक्तिकरण को एक और धार दी जा सके। इसके लिए सभी खिलाड़ियों की उम्र न्यूनतम 10 वर्ष रखी गई है। जनपद में इस खेल से सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी व सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया गया है- 75 009 009 75. इसके साथ ही सचिव महोदया स्वेता दूबे ने बताया कि हम अगले वर्ष से डे-बोर्डिंग की भी व्यवस्था करेंगे ताकि दूर से आने वाले खिलाड़ी भी आराम से रहकर अपने प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कर सके। इसके लिए धन्यवाद देने वालो में जनपद ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव- तबरेज शम्पू, डॉ पुनीत मनीषी, लेफ्टिनेंट कृतन्जय, डॉ अजय, ज्ञान कुमार,राहुल इत्यादि रहे।

नगर पंचायत बृजमनगंज के कर्मचारियों द्वारा निकाली गई मतदान जागरूकता रैली

प्रखर महराजगंज। रविवार को नगर पंचायत बृजमनगंज कर्मचारियों द्वारा मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। छठे चरण के मतदान के लिए 10 जिलों के 57 विधानसभा में आने वाली 3 तारीख को मतदान होना है।जिसको लेकर लोगों को जागरूक करते हुए

नगर पंचायत बृजमनगंज के कर्मचारी चारों तरफ(नगर पंचायत कार्यालय से होते हुए मेन रोड बृजमनगंज कस्बा रेलवे स्टेशन बैंक रोड बहादुरी रोड मस्जिद गली गल्ला मंडी बैरियर चौराहा आदि) भ्रमण कर रैली के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।सभी सफाई कर्मी और महिलाएं हाथ में मतदान स्लोगन का हैंड बोर्ड लेकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। जिसमें उनका स्लोगन था। दांपत्य जीवन की जिम्मेदारी,लोकतंत्र के प्रति वफादारी =3 मार्च को मतदान,करेंगे साथ साथ= शादी उसी से, जो मतदान करें खुशी से=सोच समझकर मतदान करेगा महाराजगंज= एक वोट आपका हक है आपकी आवाज आपका कर्तव्य वोट जरूर करें।मतदान आपका अधिकार है आपका हर एक वोट देश व प्रदेश की तस्वीर बदल सकता है।आपका हर एक वोट कीमती है।आप का एक वोट एक अच्छी और साफ सुथरी सरकार बनाने में मदद कर सकता है जिससे हमारा देश व प्रदेश बेरोजगारी महंगाई गरीबी मुक्त हो किसानों को अपना अधिकार मिले। इसलिए आप सभी लोग मतदान स्थल तक जाएं और मतदान करें इसे एक महा पर्व के रूप में मनाए। वोट करेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया। इस दौरान मोहम्मद कासिम,आदित्य रॉय,राहुल यादव, सहाबुद्दीन,राकेश,सुरेन्द्र सभी सफाई कर्मी महिला सफाईकर्मी व कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

ट्रक से कुचलकर युवक की मौत, पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए शव को भेजा पोस्टमार्टम के लिए

प्रखर गंभीरपुर/आजमगढ़। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव के पास स्टेट बैंक के सामने ट्रक से कुचल जाने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। मंगरावां गांव निवासी सुशील 43 वर्ष पुत्र कांता प्रसाद दोपहर लगभग 1:00 बजे घर से बाइक के द्वारा मुजफ्फरपुर गांव में प्याज की बेहन लेने आ रहा था कि आजमगढ़

सूचना पाकर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया ट्रक और ड्राइवर को पकड़ कर कब्जे में लें लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंभीरपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर चढ़ते ही उल्टी दिशा से वाराणसी तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को रौद दिया जिससे बाईक सवार की मौके पर मौत हो गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए ट्रक ड्राइवर और ट्रक को पकड़ लिया पुलिस शव जैसे ही थाने पर लेकर आई सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शोर-शराबा करने लगे जिसे पुलिस ने लाठी भाज कर भीड़ को तितर-बितर किया ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए थाना प्रभारी गंभीरपुर उच्च अधिकारियों को सूचना देते हुए कई थानों की फोर्स बुला ली मौके पर पहुंची सीओ सदर सौम्या सिंह के समझाने बुझाने पर ग्रामीण शांत हुए मृतक के भाई मिथिलेश कुमार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। वहीं दूसरी घटना लगभग 2:00 बजे पटेल पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानीपुर रजमो के सामने आजमगढ़ वाराणसी नेशनल हाईवे पर ट्रक और बोलेरो पिकअप में टक्कर हो गई बोलेरो पिकप ड्राइवर घायल हो गया ट्रक ड्राइवर और खलासी ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

प्रोड्यूसर डायरेक्टर सूरज भारती की वेब सीरीज केस क्लोजड की शूटिंग शुरू

प्रखर मुम्बई। मनीषा बंगला में प्रोड्यूसर डायरेक्टर सूरज भारती की वेब सीरीज "केस क्लोजड" की शूटिंग शुरू हो गई है। दिव्या फिल्म एंड विजन प्रस्तुत वेब सीरीज "केस क्लोजड" मोबिज ओके पर रिलीज की जाएगी, जिसके लेखक रंजू साइक्लोनी और निमार्ता निर्देशक सूरज भारती हैं।

केस क्लोजड में मुख्य भूमिका निभा रहे आर्यन सिंह राजपूत ने कहा कि इस वेब सीरीज में मैं बतौर एंकर काम कर रहा हूँ। डायरेक्टर सूरज भारती ने मुझे यह रोल ऑफर किया तो मैंने स्वीकार किया क्योंकि इस वेब सीरीज में एक सन्देश भी है। इसमे यह दशार्या जा रहा है कि किस तरह आजकल अपराध बढ़ते जा रहे हैं। इसमे यह मैसेज दिया गया है कि कोई क्रिमिनल किसी तरह बच नहीं सकता। निमार्ता निर्देशक सूरज

भारती ने कहा कि केस क्लोजड का कंटेंट काफी यूनिक है। ऐसी कहानी न पहले कभी देखी सुनी गई है और न यह किसी से मिलती जुलती है। यह एक रियलिस्टिक वेब सीरीज है जो दशकों को झिंझोड़ कर रख देती है। इसमे हर एपिसोड में नई कहानी होगी। यह क्राइम बेस्ड वेब सीरीज है। इसकी एंकरिंग के लिए मुझे अच्छे आर्टिस्ट की जरूरत थी और आर्यन सिंह राजपूत मुझे इस रोल के लिए बेस्ट लगे। दिव्या फिल्म्स एंड विजन के बैनर तले बन रही वेब सीरीज केस क्लोजड के निमार्ता निर्देशक सूरज भारती हैं। अभी एक स्टोरी की शूटिंग पूरी हुई है। ओटीटी मोबीज ओके पर यह सीरीज रिलीज होगी। कोरियोग्राफर से 2014 में उन्होंने अपना बैनर बनाया। उस बैनर तले 2017 में एक हिंदी फिल्म हॉरर नाइट रिलीज की। दूसरी फिल्म लव इन टास्क बनाई। कई म्यूजिक वीडियो और शार्ट फिल्मे बना चुके सूरज भारती अब यह सीरीज लेकर आ रहे हैं। इसमे अनिल सिंह राजपूत एंकरिंग कर रहे हैं। सूरज भारती ने बताया कि यह क्राइम पेट्रोल, सावधान इंडिया जैसा क्राइम शो है। इसमे कलाकारों का चयन ऑडिशन के जरिये किया गया है। कुछ आर्टिट्स मार्केट के हैं बाकी अधिकतर फ्रेशर लोग हैं। इसके डीओपी आरिफ हैं। कलाकारों में चंचलेश, मधु सूदन, आकाश राजभर, गोवर्धन, प्रतीक्षा, श्रद्धा वाकोडे, श्रवणी, इकबाल अली, अर्चना देवी, नैना, अंकुर कुमार, अफसर, कविता कोकाटे, साजिद अंसारी, रेशमा पिंगले, महेंद्र पिल्लई, संजय पलांगे, सपना पटेल, धीरेंद्र कनौजिया का नाम उल्लेखनीय है।

मोबाइल के सहारे बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व मिराशाह- कठिराव मार्ग पर स्थित हार्डवेयर की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने व नौकर द्वारा बिरोध करने पर मारपीट करने के दौरान बदमाश के गिरे मोबाइल के आधार पर रविवार को धर दबोचा। इंस्पेक्टर मुन्ना राम ने बताया कि गत 6 जनवरी की रात अजईपुर में भानुकान्त पांडेय के हार्डवेयर की दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने के प्रयास के दौरान थोड़ी दूर पर सो रहे नौकर के जग जाने व उसके साथ मारपीट कर असलहे के बल पर जान से का प्रयास किया था। जिसपर नौकर ने भाग कर अपनी जान बचाई थी। उस दौरान बदमाश का मोबाइल नम्बर गिर गया था। उसी आधार पर पुलिस ने उसे रविवार को सुबह 10 बजे एग्रो पार्क करखियाव के पास से मुखबिर की सूचना पर प्रदीप गौंड निवासी चकलतीफ माहुल खास थाना अहरौला आजमगढ़ को 315 बोर के तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसआई योगेंद्र यादव व प्रशिक्षु दरोगा सुरेंद्र यादव ने गिरफ्तार बदमाश को धारा 380, 511, व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

संक्षिप्त खबरें

चोरी की बाइक व अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार बदमाश गया जेल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने शनिवार की रात्रि में चोरी की बाइक के साथ एक युवक को अवैध असलहे व कारतूस के साथ धर दबोचा। युवक को रविवार को जेल भेज दिया गया। इस बाबत इंस्पेक्टर फूलपुर मुन्नाराम ने बताया कि एसआई शेषनाथ गोंड़ और एसआई अरविंद यादव हमराही सिपाहियों के साथ विधान सभा चुनाव के तहत गश्त पर थे और कथौली मोड़ के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी एक युवक मोड़ से पिंडरा बाजार की तरफ आने लगा। लेकिन पुलिस को देखकर वापस भागने लगा। जिसपर पुलिस ने उसे दौड़ा कर धर दबोचा। जब उससे भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि नम्बर प्लेट नही था। इसलिए भाग रहा था। जबकि उसकी जांच की गई तो बाइक चोरी की निकली और उसके पास से .32 बोर की एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस भी मिले। उक्त बाइक 21 दिसम्बर को कचहरी से चुराई गई थी। उक्त बाइक हवलदार यादव उगापुर चौबेपुर की है। जिसकी रपट कैंट थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने बदमाश रविप्रकाश मिश्रा उर्फ जोगिया निवासी खालिसपुर खुर्द चक्के थाना जलालपुर को धारा 41,419,420 व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया। वही चोरी की ब्लैक कलर की स्प्लेंडर बाइक व अवैध असलहा व कारतूस को जब्त कर दिया।

अंग्रेजी शराब की दुकान में नकदी सहित हजारों की चोरी

प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के मोढ़ेला बाजार के पास स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान में शनिवार रात छत काटकर अंदर घूसे चोरों ने नकदी सहित हजारों रुपए के शराब चुरा ले गए। मोढ़ेला बाजार के पास वाराणसी जनपद के तेदूपुर सारनाथ निवासी पंचम प्रसाद सरकारी अंग्रेजी शराब के दुकान के अनुज्ञापी है। रोज की भांति सेल्समैन दिलीप गुप्ता दुकान रात दस बजे बंदकर सोने चला गया। रात में ही चोर छत काटकर दुकान के अंदर घूसे चोरों ने 26 हजार रुपये नकद व लगभग 72 हजार रुपये की महंगी शराब चुरा ले गए। सुबह दुकान पर सेल्समैन गया तो घटना की जानकारी हुई। भुक्तभोगी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

पंच कुंडीय यज्ञ का हुआ आयोजन

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत क्षेत्र के तरियारी गांव में रविवार को एक दिवसीय पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ इस दौरान विविध संस्कार सम्पन्न कराए गए। कार्यक्रम का आयोजन शांति कुंज हरिद्वार, जिला गायत्री परिवार के जिला संयोजक डा. हर गोविन्द यादव के दिशानिर्देशन में पूरे विधि विधान के साथ ग्रामे गायत्री महायज्ञ के अन्तर्गत किया गया। गांव के डीह स्थान पर कलश स्थापित कर यज्ञ का शुभारम्भ किया गया व्यास मंच से गायत्री परिवार के प्रतिनिधि रामभजन और हरिशंकर ने वैदिक कर्मकांड,संस्कार और सुमधुर युग गायन कर श्रद्धालुओं में भक्ति भावना का संचार किया। वक्ताओं ने कहा कि अपनी संस्कृति को पुनर्जीवित करते हुए महायज्ञ के माध्यम से समाज में एकता,समता,पारस्परिक प्रेम भाव जगाते हुए राष्ट्र के प्रति जन जागरण का कार्य गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य यजमान रामानन्द चौबे, ओम प्रकाश गुप्ता, अशोक यादव और सन्तोष कुमार चौबे समेत अन्य ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद रहे।

भारतीय मजदूर संघ जौनपुर जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

प्रखर जौनपुर। भारतीय मजदूर संघ जौनपुर जिला कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें मुख्य रुप से चुनाव पर चर्चा की गई और राष्ट्र हित में मतदान करने की गुजारिश की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डॉ वेद प्रकाश सिंह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह उपस्थित थे। प्रदीप सिंह शेषनाथ पाठक विवेक सिंह राघवेंद्र उपाध्याय निर्मला शर्मा प्रमिला सिंह के के भास्कर जी दीक्षित शिवकुमार और रेलवे /पोस्ट ऑफिस .आशा बहने .सिंचाई विभाग .बिजली विभाग बैंक कर्मचारी .रोडवेज कर्मचारी .आंगनवाड़ी कर्मचारी. असंगठित क्षेत्र के आदि लोग उपस्थित उपस्थित थे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं